दैनिक **शुभ भास्कर**

हर कदम आपके साथ...

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 91 ● नई दिल्ली, गुरुवार, 06 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य:- 04 रूपये RNIUP HIN/2015/64737





2 पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की धूम-धाम से मनाई ...





7 राजद का 27वां स्थापना दिवस के मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिला ...


# अजित पवार की बैठक में 32 विधायक हुए शामिल

## 83 वर्षीय चाचा को भतीजे ने कहा- अब तो रिटायर हो जाइए



**एजेंसी ■ मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार अपने चाचा शरद पवार की तुलना में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) के अधिक विधायकों का समर्थन होने से संख्या के इस खेल में उनसे आगे नजर आ रहे हैं। दोनों गुटों ने अपना शक्ति प्रदर्शन करने के लिए अलग-अलग बैठकें कीं, जिससे पार्टी पर नियंत्रण हासिल करने के लिए उनके बीच लड़ाई और तेज हो गई है। पार्टी के दोनों गुटों के सूत्रों ने बताया कि अजित पवार गुट द्वारा बुलाई गई बैठक में राकांपा के 53 में से 32 विधायक शामिल हुए, जबकि राकांपा प्रमुख द्वारा आयोजित बैठक में 18 विधायक उपस्थित थे। राकांपा के गठन के 24 साल बाद दो जुलाई को इसमें हुई टूट के बाद पहली बार पार्टी की अलग-अलग बैठकें हुईं। शरद पवार ने शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने को लेकर अपने भतीजे अजित पवार की आलोचना की। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर तंज कसे।

पार्टी के शरद पवार और अजित पवार गुटों ने क्रमशः दक्षिण मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सेंटर और उपनगर बांद्रा में भुजबल नॉलेज सिटी में अपनी-अपनी बैठकें कीं।

पार्टी के 53 में से 32 विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच मौजूद अजित पवार ने अपने 83 वर्षीय चाचा शरद पवार को याद दिलाया कि उनके सक्रिय राजनीति से रिटायर होने का समय आ गया है। अजित पवार ने अपने गुट की बैठक में कहा, भाजपा में, नेता 75 वर्ष की आयु में रिटायर हो जाते हैं, आप कब होने जा रहे हैं।

अजित (63) ने कहा, हर किसी की अपनी पारी होती है। सबसे सार्थक समय 25 से 75 वर्ष की आयु तक होता है।

### भाजपा से जिसने भी हाथ मिलाया, वो तबाह हुआ : शरद पवार

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को अजित पवार गुट को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी से हाथ मिलाने वाला हर सहयोगी दल राजनीतिक तबाही का शिकार हो जाता है और उनका भी यही हश्र होगा।पवार पार्टी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उनके भतीजे अजित पवार ने अलग बैठक कर अपना शक्ति प्रदर्शन किया।



अजित पवार ने शरद पवार के खिलाफ पिछले दिनों बगावत का बिगुल बजाते हुए भाजपा का दामन थाम लिया और महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री बन बैठे। उनके साथ राकांपा के आठ अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी। शरद पवार ने कहा, भाजपा के साथ जिसने भी हाथ मिलाया और सत्ता में हिस्सेदारी की, वो अंततः राजनीतिक रूप से तबाह ही हुए। अपने राजनीतिक सहयोगियों की जड़ें काटना भाजपा की नीति है। दूसरे राज्यों में इसकी कई मिसालें हैं। उनका कहना था, अकाली दल, भाजपा के साथ लंबे समय से था लेकिन अब कहीं नहीं है।



### चंद्रयान-3 : अंतरिक्षयान को प्रक्षेपण के लिए रॉकेट से जोड़ा गया

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में बुधवार को चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को अपने नए प्रक्षेपण रॉकेट एलवीएम-3 से जोड़ दिया। चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित रूप से उपकरण उतारने और उससे अन्वेषण गतिविधियां कराने के लिए चंद्रयान-2 के बाद इस महीने चंद्रयान-3 प्रक्षेपित किया जाने वाला है। इसरो ने एक ट्वीट में कहा, आज, सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा में चंद्रयान-3 को एलवीएम-3 (लॉच व्हीकल मार्क-3) से जोड़ा गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि चंद्रयान-3 को 13 से 19 जुलाई के बीच प्रक्षेपित किया जाना है। चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के चट्टानों की ऊपरी परत की थर्मोफिजिकल विशेषताएं, चंद्रमा पर भूकंप आने की बारंबारता, चंद्रमा की सतह पर प्लाज्मा वातावरण और उपकरण उतारे जाने वाले स्थान के निकट तत्वों की संरचना का अध्ययन करने वाले उपकरण भेजे जाएंगे।

## सीधी घटना: आरोपी के पिता के घर का एक हिस्सा गिराया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एक आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने के आरोपी प्रवेश शुक्ला को गिरफ्तार करने के कुछ ही घंटों बाद स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को उसके पिता के घर का एक हिस्सा ढहा दिया। मंगलवार को पेशाब करने की घटना का वीडियो सामने आया था। विपक्षी कांग्रेस ने मांग की थी कि राज्य की भाजपा सरकार शुक्ला की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करे।

आरोपी के पिता रमाकांत शुक्ला का घर अनुमति के अनुसार नहीं बनाया गया था और इसलिए मकान के अवैध हिस्से को ध्वस्त किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए प्रवेश शुक्ला की पृष्ठभूमि आपराधिक पाई गई है।

इससे पहले, कांग्रेस ने दावा किया कि पेशाब करने का आरोपी प्रवेश शुक्ला भाजपा से जुड़ा था। भोपाल में पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया ने दावा किया कि आरोपी के भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ संबंध है, और सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। भूरिया ने आरोप लगाया, यह वीडियो कुछ महीने पुराना बताया जा रहा है, लेकिन पीड़ति, आरोपी भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला से इतना डरा हुआ था कि महीनों बाद भी पुलिस से शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा सका।



### दलितों और आदिवासियों ने की फांसी की मांग

इंदौर। मध्यप्रदेश के सीधी जिले में एक व्यक्ति द्वारा एक आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने की घटना को लेकर दलितों और आदिवासियों ने बुधवार को इंदौर के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने सूबे में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों पर लगातार अत्याचार बढ़ने का आरोप लगाया और तख्तियां लहराते हुए नारेबाजी की। इस प्रदर्शन का आह्वान अखिल भारतीय बलाई महासंघ ने किया था। महासंघ के अध्यक्ष मनोज परमार ने संवाददाताओं से कहा, सीधी जिले में आदिवासी युवक पर पेशाब करके प्रवेश शुक्ला ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है।

## ख़ास ख़बर

### माकपा और भाकपा का प्रतिनिधिमंडल 6-8 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगा

■ नई दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल छह जुलाई से आठ जुलाई तक हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा कर स्थिति का जायजा लेगा।दोनों दलों ने मणिपुर जाने वाली पांच सदस्ईय टीम की घोषणा की। इसमें माकपा के राज्यसभा सदस्य विकास रंजन भट्टाचार्य और जॉन ब्रिटास और भाकपा सांसद विनय विश्वम, संदोष कुमार पी और के. सुब्बा रयान शामिल हैं। वामपंथी पार्टियों ने कहा, यह प्रतिनिधिमंडल इम्फाल और चुराचांदपुर में सभी समुदायों के लोगों से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल सात जुलाई को शाम पांच बजे राज्यपाल से मिलेगा और आठ जुलाई को मीडिया के साथ अपने अनुभव को साझा करेगा।

### गुजरात : राजकोट जिले में दो मकान गिरने से तीन लोगों की मौत

■ राजकोट। गुजरात में राजकोट जिले के जेतपुर शहर में बुधवार को दो पुराने मकानों के ढहने के कारण एक महिला और दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक एक दीवार के गिरने के कारण यह हादसा हुआ और घायल लोगों को मलबे से निकाल लिया गया है। राजकोट के पुलिस अधीक्षक जयपाल सिंह राठौड़ ने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जेतपुर के चंपराज नी बारी इलाके में कई दशक पहले बने दो मकान एक दीवार गिरने से ढह गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 50 वर्षीय एक महिला के अलावा सात और दस साल की दो लड़कियां शामिल हैं।

### कई मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने की नड्डा से मुलाकात

■ नई दिल्ली। राजधानी स्थित भाजपा के मुख्यालय में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गतिविधियों में तेजी देखी गई और कई मंत्रियों व वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात की।केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की। भाजपा की पंजाब इकाई के नवनियुक्त प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी पार्टी कार्यालय का दौरा किया और नड्डा से मुलाकात की।केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई अन्य मंत्रियों के बाद में बैठकों के लिए पार्टी कार्यालय पहुंचने की उम्मीद है।

भाजपा ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, सुनील जाखड़ और बाबूलाल मरांडी को क्रमशः तेलंगाना, पंजाब और झारखंड का अध्यक्ष नियुक्त किया।

### 88 साल के हुए तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा

तिब्बती धर्म गुरु और 14वें दलाई लामा आज यानी की 6 जुलाई को अपना 88वां जन्मदिन मना रहे हैं। पूर्वोत्तर तिब्बत के एक किसान परिवार में 6 जुलाई 1935 को दलाई लामा तेनज़िन ग्यात्सो का जन्म हुआ था। बता दें कि कई आध्यात्मिक संकेतों का पालन करने और 13वें दलाई लामा के उत्तराधिकारी की खोज के दौरान 2 साल की उम्र में ल्हामो थोंडुप स्थित धार्मिक अधिकारियों ने दलाई लामा तेनज़िन ग्यात्सो की पहचान की।

## मणिपुर में स्कूल दोबारा खुले, पहले दिन कम रही उपस्थिति



**एजेंसी ■ इंफाल**

मणिपुर में दो महीने से ज्यादा वक्त तक चली जातीय हिंसा के कारण बंद रहने के बाद स्कूल बुधवार को फिर से खुल गए। हालांकि ज्यादातर संस्थानों में पहले दिन उपस्थिति काफी कम रही। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने कक्षाएं फिर से शुरू करने के राज्य सरकार के फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने सोमवार को पांच जुलाई से पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के स्कूल फिर से खोले जाने की घोषणा की थी। बातचीत करने वाले ज्यादातर छात्र स्कूल वापस लौटकर काफी खुश दिखाई दिए।

पहली कक्षा की छात्रा लिन्थोई ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। आखिरकार, दो महीने तक इंतजार करने के बाद अपने दोस्तों और शिक्षकों से मिल पाउंगी। इसके अलावा, मैं नई चीजें भी सीखूंगी। उसने कहा कि स्कूल बंद होने की वजह से उसकी जिंदगी बहुत ज्यादा नीरस और आलस्यपूर्ण हो गई थी। बहुत से छात्रों का कहना है कि राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि अगर हालात तनावग्रस्त बने रहते हैं तब भी रोजाना कम से कम कुछ घंटों के लिए स्कूल खुले रहें। चौथी कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र के पिता भाबेश शर्मा ने उम्मीद जताई कि हालात सामान्य बने रहें ताकि कक्षाएं निरंतर चलती रहें।

उन्होंने कहा मैं उम्मीद जताता हूं कि सब ठीक रहेगा। शिक्षा बहुत जरूरी है और मुझे उम्मीद है कि राज्य में शांति वापस लौटेगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों की सुरक्षा अभी भी चिंता का विषय है।

पाचंवी कक्षा के एक बच्चे के पिता लैशराम इबोचौबा ने कक्षाओं को फिर से शुरू करने के सरकार के फैसले की सराहना की।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है सरकार किसी भी अप्रिय घटना के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगी। उन्होंने कहा मुझे अपने बच्चों को स्कूल भेजने में कोई डर नहीं है क्योंकि स्कूल इंफाल के मध्य में स्थित है। लेकिन अगर सरकार छात्रों की सुरक्षा के लिए इंतजाम करती है तो यह बहुत ही अच्छा होगा।

### *भारतीय, जापानी नौसेनाओं ने अभ्यास शुरू किया*

नई दिल्ली। भारत और जापान की नौसेनाओं ने अपने समग्र सैन्य सहयोग को और विस्तार देने के लिए विशाखापत्तनम में अभ्यास शुरू किया। नौसेना ने स्वदेशी रूप से निर्मित गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस दिल्ली, स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर कार्वेट आईएनएस कामोर्टा, बेड़ा टैंकर आईएनएस शक्ति, एक पनडुब्बी, समुद्री गश्ती विमान पी-8आई और जहाज-वाहित हेलीकॉप्टर तथा लड़ाकू विमान की तैनाती की है। जेएमएसडीएफ का प्रतिनिधित्व निर्देशित मिसाइल विध्वंसक जेएस सामिदारे और इसके अभिन्न हेलीकॉप्टरों द्वारा किया जाएगा।

## सीधी की घटना से आदिवासियों और दलितों के प्रति भाजपा की नफरत सामने आई : राहुल

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के सीधी में एक व्यक्ति द्वारा एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे आदिवासियों एवं दलितों के प्रति भाजपा की नफरत का घिनौना चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने ट्वीट किया, भाजपा राज में आदिवासी भाइयों और बहनों पर अत्याचार बढ़ते ही जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में एक भाजपा नेता के अमानवीय कृत्य से सारी इंसानियत शर्मसार हुई है। यह भाजपा का आदिवासियों और दलितों के प्रति नफ़रत का घिनौना चेहरा और असली चरित्र है। कांग्रेस ने दावा किया है कि आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ा था, लेकिन सत्तारूढ़ दल ने आरोप से इनकार किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी आरोप लगाया, मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक के एक करीबी द्वारा आदिवासी युवक के साथ की गई अमानवीय व घृणित हरकत बेहद शर्मनाक है। प्रदेश में भाजपा के 18 साल के शासन में आदिवासियों पर अत्याचार के 30,400 मामले सामने आए हैं।



उन्होंने ट्वीट कर कहा, भाजपा राज में आदिवासी हितों पर केवल कोरे दावे और कोरी बातें हैं। आदिवासियों पर अत्याचार रोकने के असल कदम क्यों नहीं उठाती सरकार?

मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने के एक आरोपी को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

### भाजपा को पंजाब में आप के एकमात्र विकल्प के रूप में स्थापित करना मेरी प्राथमिकता : जाखड़

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने बुधवार को कहा कि लोकतंत्र में लोगों का विश्वास बहाल करने और पंजाब में भाजपा को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) एकमात्र विकल्प के रूप में स्थापित करने पर उनका मुख्य जोर रहेगा।

भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जाखड़ ने दावा किया, कर्ज के बढ़ते बोझ और कानून व्यवस्था की खराब होती स्थिति के साथ पंजाब आज बहुत दयनीय स्थिति में है।

## पटना में विपक्षी दलों की बैठक का दृश्य देखकर मुझे हंसी आ रही थी : प्रफुल्ल

**एजेंसी ■ मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने बुधवार को कहा कि हाल में पटना में 17 विपक्षी दलों की बैठक का दृश्य देखकर उन्हें हंसी आ रही थी। पटेल ने मुंबई में अजित पवार द्वारा बुलाई गई राकांपा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, मैं शरद पवार के साथ पटना में विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक में गया था और जब मैंने वहां का दृश्य देखा तो मुझे हंसी आ रही थी। उन्होंने कहा, वहां 17 विपक्षी दल थे और उनमें से सात के लोकसभा में केवल एक-एक सांसद हैं। एक पार्टी ऐसी थी, जिसका कोई सांसद नहीं है। वे दावा करते हैं कि वे बदलाव लाएंगे। पटेल ने कहा कि देश जानना चाहता है कि उन्होंने अजित पवार का साथ क्यों दिया है। उन्होंने कहा, मैं उचित समय पर इस सवाल का जवाब दूंगा। जब पिछले साल उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिरने की कगार पर थी, तब सभी राकांपा विधायकों और मंत्रियों ने शरद पवार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ जाने का अनुरोध किया था।



## खरगे और राहुल गांधी राजस्थान के नेताओं के साथ आज करेंगे बैठक

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने और रणनीति बनाने के लिए बृहस्पतिवार को प्रदेश से जुड़े पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाई है। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच के विवाद को सुलझाने का प्रयास भी होगा। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी वाली इस बैठक में पायलट, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान के कुछ अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री गहलोत पैर में चोट के चलते जयपुर से ही इस बैठक में ऑनलाइन तरीके से भाग लेंगे। इस बैठक से एक दिन पहले, मुख्यमंत्री गहलोत ने मंगलवार को कहा कि राजस्थान सरकार भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामलों में सजा को मौजूदा 10 साल से बढ़ाकर आजीवन कारावास तक करने के लिए अगले विधानसभा सत्र में एक विधेयक लाएगी। पायलट ने अपनी जन संघर्ष यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार के समक्ष तीन मांग रखी थी जिनमें राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) का पुनर्गठन, सरकारी परीक्षा के पेपर लीक से प्रभावित युवाओं को मुआवजा और पिछली वसुंधरा राजे सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की उच्च स्तरीय जांच शामिल थी।



**रिपोर्ट** देश के 246 जिलों ने अभी तक अपने क्षेत्र में इस अमानवीय प्रथा के खात्मे की घोषणा नहीं की है।

## भारत को मैला ढोने की प्रथा से मुक्त घोषित करने की तैयारी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत को मैला ढोने की प्रथा से मुक्त घोषित करने की सरकार की समयसीमा करीब आ रही है, लेकिन देश के 246 जिलों ने अभी तक अपने क्षेत्र में इस अमानवीय प्रथा के खात्मे की घोषणा नहीं की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय निगरानी समिति की आठवीं बैठक में इस मामले पर चर्चा हुई।

बैठक में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल 766 में से 520 जिलों ने अपने अधिकार क्षेत्र में मैला ढोने की प्रथा समाप्त होने की घोषणा कर दी है, लेकिन 246 जिलों ने अभी रिपोर्ट जमा नहीं की है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मैं संबंधित राज्यों से अनुरोध करता हूं कि वे हमें एक रिपोर्ट सौंपें क्योंकि हम अगस्त 2023 तक भारत को मैला ढोने की प्रथा से मुक्त घोषित करने के अपने दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों को या तो अपने सभी जिलों को मैला ढोने से मुक्त घोषित करना होगा या मौजूदा अस्वच्छ शौचालयों व मैला ढोने वालों, यदि कोई हो, को अपने साथ संबद्ध करना होगा, ताकि मैला ढोने वालों के लिए अपेक्षित पुनर्वास लाभ में वृद्धि की जा सके और स्वच्छ भारत मिशन के तहत अस्वच्छ शौचालयों को स्वच्छ शौचालयों में परिवर्तित किया जा सके। मंत्रालय ने कहा कि राज्यों।जिलाधिकारियों और जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट सौंपने के लिए अब तक 20 बार याद दिलाया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सभी राज्यों।जिलों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने जिले को मैला ढोने से मुक्त घोषित करें। आज तक, देश के 766 जिलों में से 520 इसकी पुष्टि कर चुके हैं। समिति को शेष जिलों से जानकारी मांगने के लिए कहा गया है।

मध्य प्रदेश में, 52 में से 35 जिलों ने रिपोर्ट जमा नहीं की है, जबकि महाराष्ट्र में 36 में से 21 जिलों ने अभी तक खुद को मैला ढोने से मुक्त घोषित नहीं किया है।



## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने यूसीसी पर अपनी आपत्ति विधि आयोग को भेजी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

देश में मुसलमानों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर अपनी आपत्ति संबंधी दस्तावेज बुधवार को बोर्ड की साधारण सभा से अनुमोदन मिलने के बाद विधि आयोग को भेज दिया। बोर्ड के प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने पीटीआई- भाषा को बताया कि बोर्ड की कार्यसमिति ने गत 27 जून को यूसीसी को लेकर तैयार किए गए प्रतिवेदन के मसौदे को मंजूरी दी थी, जिसे आज आनलाइन माध्यम से हुई बोर्ड की साधारण सभा में विचार के लिए पेश किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में इस प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया और असके बाद इसे विधि आयोग को भेज दिया गया है। गौरतलब है कि विधि आयोग ने यूसीसी पर विभिन्न पक्षकारों और हितधारकों को अपनी आपत्तियां दाखिल करने के लिए 14 जुलाई तक का वक्त दिया है। हालांकि बोर्ड ने इसे छह महीने तक बढ़ाने की गुजारिश की थी।

## ख़ास ख़बर

## प्रखंड के बीआरसी में हुई बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ की बैठक



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत नई शिक्षक नियमावली के तहत 15-20 वर्षो से विद्यालय में कार्यरत लाखों प्रारंभिक माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा नही देकर नाइंसाफ़ी किया जा रहा है। हम निरंतर सरकार से लाखों प्रारंभिक माध्यमिक शिक्षक को सरकारी करने की मांग कर रहे है। लेकिन सरकार हमारी मांगों को अनसूनी कर हमें आन्दोलन पर उतरने के लिए विवश कर दिया है। राज्यकर्मी का दर्जा हमारा संवैधानिक अधिकार है और हम इसे लेकर ही दम लेंगे। उक्त बातें बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ की महत्ती बैठक के दौरान बीआरसी छातापुर में कहा। कहा कि हमारी एक ही मांग सभी शिक्षक को करो सरकारी, अन्यथा 11जुलाई को लाखों प्रारंभिक माध्यमिक शिक्षक विधानसभा का घेराव कर विशाल धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। मौके पर संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील कुमार, संयोजक प्रकाश कुमार सुमन,डा.श्यामसुन्दर शर्मा,सुमित झा,दिनेश यादव,करमचंद राम,अलख कुमार अकेला,अरुण मेहता,बिना कुमारी,सुबोध यादव,दिनबंधु सुमन,मिथलेश राम,चन्देश्वर तत्मा,सुभाष यादव शिक्षिका सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## निर्मली में दिनभर गुल रही बिजली, उपभोक्ताओं में दिखा आक्रोश



**डॉक्टर विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल/** जिले के निर्मली प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दिनभर बिजली आपूर्ति ठप रही। सुबह लगभग 5 बजे से ही बिजली गुल रहने के कारण संबंधित कामकाज भी प्रभावित हुआ। शाम लगभग 6:00 बजे समाचार प्रेषण तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। उपभोक्ता काफी परेशान दिखे। मोबाइल और अन्य उपकरण चार्ज करने के लिए लोग इधर-उधर भटक रहे थे। दिनभर आपूर्ति ठप होने के कारण आक्रोशित उपभोक्ताओं ने सोशल मीडिया के जरिए जमकर भड़ास निकाला। वक्ताओं का कहना था कि नेता और बिजली विभाग एक हो गए है। दोनों झूठ बोल रहे हैं। कभी बोलते हैं कि दोपहर 12 बजे बिजली आएगी, कभी बोल रहे कि दोपहर 3 बजे तक लाइन चालू होगी। कभी शाम 4 बजे लाइन चालू होगी। सही-सही जानकारी कोई नहीं दे रहे हैं। वहीं, बिजली विभाग के निर्मली एई पिंटू कुमार ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण 33 केवी में फॉल्ट था। दुरुस्त होने के बाद लाइन चालू की गई तो कई जगहों पर इंशुलेटर ब्लास्ट कर गया। इंशुलेटर बदलने के बाद पुनः आपूर्ति बहाल करने की कवायद की गई। लेकिन पुनः कई जगहों पर फॉल्ट मिले है। जिसे दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है दर्जनों कर्मियों को मेंटेनेंस काम में लगाया गया है। नियमित बिजली आपूर्ति को लेकर बिजली विभाग गंभीर है।

## पनीर का फैक्ट्री डीपीएम व बीपीएम ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल/** जिले में पिपरा प्रखंड के अमहा पंचायत में डॉली देवी ने जीविका के माध्यम से अपने आवासीय परिसर में पनीर का फैक्ट्री जीविका समुह से एक लाख रुपए ऋण लेकर लगाया है जिसका आज विधिवत उद्घाटन जीविका डीपीएम विजय कुमार साहनी एवं बीपीएम पिपरा कन्हैया कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया मालूम हो कि डोली देवी रेणु जीविका एसएसजी आभा जीविका भीओ एवं नई दिशा जीविका सीएलएफ के सदस्य भी है। इस मौके पर जीविका डीपीएम विजय कुमार साहनी के द्वारा बताया की यह एक सराहनीय पहल हैं इस तरह की और भी फैक्ट्रियां पिपरा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायत में लगाने की आवश्यकता हैद्य जिससे जीविका दीदी को अधिक से अधिक जीविकोपार्जन का स्रोत बन सके कहा कि इसके लिए जीविका की ओर से राशि उपलब्ध करवाई जाएगी

# पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की धूम-धाम से मनाई गई जयंती

### नेताओं एवं गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके चित्र पर फूल माला चढाकर श्रद्धांजलि दी






**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिला मुख्यालय में महावीर चौक स्थित पब्लिक लाइब्रेरी एंड कल्व में बुधवार को लोकजनशक्ति पार्टी के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण स्वर्ग रामविलास पासवान की जयंती पर कार्यकर्ताओं व अन्य दलों के नेताओं एवं गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके चित्र पर फूल माला चढाकर श्रद्धांजलि दी। जयंती समारोह की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामकिशुन यादव ने की मंच संचालन भोला पासवान ने किया । सामारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी रतन पासवान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि स्व रामविलास पासवान जी जीवनोपरांत गरीब एवं बंचित समाज के उत्थान के लिए संघर्षरत रहे, जाति धर्म सम्पर्दाय से उपर समाज एवं राष्ट्र हित में कार्य किये।पच्चास वर्षो के राजनीतिक जीवन में छः प्रधानमंत्री के कैविनेट के मंत्री रहते बेदाग रहे, पासवान साहब सिर्फ एक व्यक्ति नहीं विचार है जिसे आज के युवाओं को आत्मसात करना चाहिए।आज उसी विचाधाराओं पर चल कर चिराग पासवान जी भी बिहार में विकास की नई गाथा लिखने की ओर अग्रसर है।

सामरोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामकिशुन यादव ने कहा कि उनका आदर्श आज भी हम कार्यकर्ताओं के बीच जीवंत है। राजनीतिक रूप से दलित पिछड़ों में एकता कायम कर सामंती व्यवस्था से लडने वाले ओबीसी आरक्षण आंदोलन के नायक रामविलास पासवान को सादर नमन करते हैं। लोजपा के सभी कार्यकर्ता एक साथ मिलकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलेंगे। इस मौके पर जिला प्रधान महासचिव ललित कुमार भारती ने उन्हें गरीबों, दलितों, पिछड़ों का प्रखर स्वर बताते हुए कहा कि ऐसे महापुरुष धरती पर कभी कभार ही आते है।

वही विजय पासवान ने रामविलास पासवान को राजनीति का एक ग्रंथ बताया और कहा कि उनके जीवन को अगर देखा जाए तो उनकी जीवनी ही एक ग्रंथ है जिससे ज्ञान लिया जा सकता है। मिडिया प्रभारी सुनील कुमार पासवान अपने संबोधन में रामविलास पासवान के सफरनामा के संबंध में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा रामविलास पासवान का जन्म 5 जुलाई 1946 ई को बिहार के जिला खगड़िया सहरबन्नी गांव में हुआ था। उनका निधन 8 अक्टूबर 2020 को हो गया था। पासवान 54 साल पहले 1969 में 23 साल की उम्र में डीएसपी और एम एल ए एक साथ बने थे। 1977 में रामविलास पासवान ने हाजीपुर से कांग्रेस उम्मीदवार को सवा चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी,इस जीत ने उन्हें दलितों का आइकन बना दिया था। उन्होंने 50 साल के राजनीतिक जीवन में सिर्फ दो बार हार झेली है। रामविलास पासवान नौ बार सांसद बने थे उनके सिद्धांतों पर आज लोजपा रा के राष्टीय अध्यक्ष चिराग पासवान देशभर में लोकप्रिय है। लोजपा कार्यकर्ताओं ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में लोजपा की मुख्य भूमिका रहेगी। 2025 में बिहार के मुख्यमंत्री चिराग पासवान को बनाने की बात कही।सामारोह में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष रोशन कुमार राकेश आइटी सेल जिलाध्यक्ष प्रभाष कुमार एसी एसटी जिलाध्यक्ष कामेश्वर पासवान पंचायतीराज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष योगानंद पासवान, लोजपा नेता विजय पासवान संसदीय बोर्ड जिला सचिव अशोक पासवान प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, दिनेश पासवान, सुरेश ठाकुर, महादेव पासवान सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## तीन घण्टे झमाझम वारिस से निर्मली शहर हुआ अस्त-व्यस्त








**डॉ0 बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल/** जिले के निर्मली अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार की सुबह महज तीन घंटे हुई मूसलाधार बारिश ने नगर पंचायत निर्मली में जलनिकासी की व्यवस्था की पोल खोल दी। निर्मली थाना, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, दर्जनों दुकान व घरों में भी बारिश का पानी भर गया ।शहर के मेन रोड, बैंक ऑफ इंडिया रोड, पोस्ट ऑफिस रोड, थाना रोड पर घंटों बाढ़ जैसे हालात दिखे। मध्य विद्यालय-पुरानी रजिस्ट्री ऑफिस रोड पर सुबह से ही जलभराव कायम है। नालियां व जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं रहने के कारण खासकर निर्मली थाना कैंपस, थानाध्यक्ष कक्ष, पुलिस बैरेक, सिरिस्ता, हाजत, रसोई गृह में शाम लगभग बजे तक जलजमाव कायम रहा। बोथरा चौक, हटिया चौक, दसलाख चौक के पास कई दुकानों में पानी घुसने से दुकानदारों को भी भारी नुकसान हुआ. नगर पंचायत निर्मली के वार्ड-02, 04, 06, 07, 08 व वार्ड 12 के निचले इलाके के दर्जनों घरों में जलभराव के कारण लोग परेशान दिखे। वहीं, शहर में बाढ़ जैसे हालात के कारण अन्य दिनों की अपेक्षा काफी कम ही खरीदार पहुंचे। इससे व्यवसायी वर्ग भी काफी परेशान दिखे। **कोसी प्रोजेक्ट कॉलोनी में भी बाढ़ जैसे हालत**-मूसलाधार बारिश के कारण जल संसाधन विभाग के कोसी निरीक्षण भवन परिसर में भी बाढ़ जैसे हालत उत्पन्न हो गए। कोसी प्रोजेक्ट रोड भी बारिश के पानी में घंटो डूबा रहा। जलभराव के बीच कॉलोनी में जहरीले सांप व अन्य कीड़े-मकौड़े देख लोग परेशान थे। सड़क पर लगभग दो ढाई फीट जलजमाव होकर लोग आवागमन कर रहे थे। कोसी प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों व कर्मियों को भी जलभराव के कारण परेशानी झेलनी पड़ी। **थाना में जलभराव से अधिकारी व कर्मी परेशान**- झमाझम बारिश के कारण एक तरफ किसान खुद दिखे। वहीं दूसरी ओर निर्मली थाना परिसर, थानाध्यक्ष का चैंबर, सिरिस्ता, हाजत, पुलिस बैरेक सहित पुलिस अधिकारियों के आवास तक पानी भरा रहा। जलभराव के कारण थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों व कर्मियों का न केवल संबंधित कामकाज प्रभावित हुआ। बल्कि पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को शौचालय उपयोग करने के लिए भी भारी फजीहत झेलनी पड़ी। दरअसल थाना परिसर में जलजमाव के बीच शौचालय भवन निर्मित है। **जलनिकासी की व्यवस्था में जुटे ईओ**

## जरौली ढाला के पास डायवर्सन ध्वस्त, एक दर्जन गांवों का निर्मली शहर से सड़क संपर्क भंग





**डॉ0 बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल/**जिले में निर्मली प्रखंड अंतर्गत जल अधिग्रहण क्षेत्र नेपाल व सीमावर्ती निर्मली अनुमंडल इलाके में झमाझम बारिश के कारण कोसी, तिलयुगा, खड़ग व बिहुल नदी उफना गई। बुधवार को खड़ग व तिलयुगा नदी का जलस्तर बढ़ने से जरौली ढाला के पास डायवर्सन ध्वस्त हो गया। जरौली ढाला के पास डायवर्सन ध्वस्त होने के कारण इस होकर निर्मली शहर से लगभग एक दर्जन गांवों का सड़क संपर्क भंग हो गया। वहीं, निर्मली अंचल क्षेत्र के वेलासिंगारमोती, दिघिया, मरौना अंचल के सिसौनी, घोघरड़िया सहित अन्य पंचायतों के दर्जनों गांव में कोसी तटबंध के भीतर बाढ़ का पानी फैलने लगा है। कोसी तटबंध के भीतर सैकड़ों एकड़ खेतों में लगी फसलें भी डूबकर बर्बाद हो गई है। इधर, बाढ़ से बचाव के मद्देनजर निर्मली अनुमंडल क्षेत्र में कुल 41 जगहों पर नाव की व्यवस्था की गई है। निर्मली व मरौना अंचल क्षेत्र के अलग-अलग जगहों के लिए गोताखोरों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। निर्मली के प्रभारी सीओ मुकेश कुमार ने बताया कि बाढ़ पूर्व प्रशासनिक स्तर से तैयारी पूरी कर ली गई है। जगह-जगह नाव की व्यवस्था की गई है। गोताखोरों को भी जगह-जगह लगाया गया है। निर्मली अंचल क्षेत्र में कुल 8 गोताखोर को लगाया गया है। जरूरत पड़ने पर गोताखोरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। फिलहाल नदियां खतरे के निशान से नीचे है। जलस्तर में बढ़ोतरी होने पर चिन्हित स्थानों पर किचेन शेड भी खोले जाएंगे।

## कांवरियों का जत्था देवघर के लिए हुए रवाना, माहौल हुआ शिवमय



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिए के छातापुर प्रखंड में सावन के पावन महीने के मौके पर छातापुर प्रखण्ड के माधोपुर पंचायत से युवा कांवरिया संध महद्दीपुर के बैनर तले दर्जनों कांवरिया का जत्था देवघर के लिए बुधवार को रवाना हुआ । इस दौरान माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। युवा कांवरिया संध के सदस्य सुभाष कुमार भगत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवरियों का जत्था देवघर के लिए निकल रहा है । वही अंकित चौधरी ने बताया कि सभी कांवरिया बंधु सुलतानगंज में उत्तर वाहिनी गंगा से जल भरकर पाँव पैदल देवघर जायेंगे जिसके बाद बाबा बासुकीनाथ में पूजा अर्चना करने के साथ कई मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगे । इसके बाद सभी कावरियां ने बोलबम का एक स्वर में जयकारे लगाए। मौके पर पवन दास, शंभु दास, ज्योति चौधरी, सुमन कुमार, सुशील चौधरी, रंजीत भगत , राजा ठाकुर, अभिनाश कुमार, गौरव जायसवाल, महेश भगत, नरेश दास, छेदी सरदार आदि शामिल हुए ।

## NDRF आवासीय परिसर में NDRF पदाधिकारी व समाजसेवी सहित स्कूली बच्चों ने की पौधारोपण



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,पीपरा, सुपौल/**जिले में पिपरा प्रखंड के एनडीआरएफ आवासीय परिसर थुमहा में एनडीआरएफ के पदाधीकारी ने प्रखंड कर्मी व स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित स्कूली बच्चों के साथ पौधारोपण किया। पौधारोपण करने के दौरान एनडीआरएफ के सव इन्सपेक्टर गौरव कुमार ने कहा कि पेड़ ही जीवन है। बरसात में हम सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए। वृक्ष बारिश के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। औद्योगिक विकास के कारण वृक्षों का कटान हो रहा है। लिहाजा हमें वृक्षारोपण पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को लेकर जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इसके लिए सामाजिक संगठनों को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वृक्षारोपण समय की मांग है। वही स्थानीय मुखिया दिनेश प्रसाद चौधरी ने कहा कि वृक्ष लगाना और उसकी परवरिश करना लाखों रुपए का दान देने से ज्यादा अच्छा है।उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण का संतुलन बनाने में कारगर साबित होते हैं। इसलिए हम सभी को इस पुण्य काम के लिए आगे आना होगा।

चोरी | अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात लाखों की जेवरात की चोरी कर ली

## प्रखंड में ज्वेलर्स की दुकान का भेंटीलेटर तोड़ चोरों ने उड़ाए लाखों रुपए के जेवरात





**सोनू भगत/ दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल/** जिले के छातापुर प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित एक जेवलर्स की दुकान का भेंटीलेटर तोड़ अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात लाखों की जेवरात की चोरी कर ली। घटना की जानकारी पीड़ित जेवलर्स दुकानदार को बुधवार की सुबह में जगने पर हुई। पीड़ित ज्वेलर्स दुकानदार राजीव कुमार ठाकुर ने बताया की नित्य की तरह रात के साढ़े 8 बजे के लगभग दुकान बंद कर दुकान के पीछे स्थित आवास में सोने चले गए थे। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोरों ने बड़े ही बारीकी ढंग से चोरी की घटना को अंजाम देकर लगभग 5-6 लाख की सोने चांदी की जेवरात की चोरी कर ली। इतना ही नही चोर दुकान की मुख्य गेट जो की लकड़ी के किवाड़ नुमा था, उसे खुला ही छोड़ दिया। पीड़ित राजीव ने बताया की अपने दुकान में हुए चोरी की जानकारी उन्हें अपने पिता ब्रह्मानंद ठाकुर के माध्यम से सुबह जागने पर हुई। जिसके बाद वे दुकान पर पहुंचकर चोरी गई जेवरातों का आकलन किया। इधर, पीड़ित ज्वेलर्स दुकानदार राजीव के पिता ब्रह्मानंद ठाकुर ने बताया की नित्य की तरह वे सुबह के 5 बजे के लगभग जागकर दरवाजे की सफाई करने के लिए दुकान के बाहर आया तो दुकान का मुख्य गेट खुला देखकर आवाक रह गया। तब जाकर जब दुकान के अंदर प्रवेश किया तो देखा की दुकान के शोकेस के जेवरात, समेत अन्य स्थानों के कई जेवरात गायब है। जबकि दुकान के बाहरी भेंटी लेटर भी पूरी तरह से टूटा हुआ है। जिससे अनुमान लगाया गया की भेंटी लेटर के माध्यम से ही चोर दुकान के अंदर प्रवेश किया होगा। वही चोरी की घटना की जानकारी होने पर आस पड़ोस के लोग जमा हो गए। सभी चोर के इस ढंग से किए गए चोरी को ले हतप्रभ थे। घटना की जानकारी होने पर व्यवसाई संघ के केशव कुमार साह गुड्डु, गोरी शंकर भगत, सूरज चंद प्रकाश, गुड्डू कुमार, सत्य प्रकाश आदि फूंचकर घटना की सूचना छातापुर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। वही पुलिस ने पड़ताल के दौरान चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने के दौरान भेंटी लेटर तोड़ने में उपयोग किए गए एक पिलास भी स्थल से बरामद किया है।

## एसएसबी की बाह्य सीमा चौकी शैलेशपुर ने चेक पोस्ट ड्यूटि के दौरान भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर दो सूडानी माहिलाओ को गिरफ्तार किया



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।**जिले के बिरपूर अनुमंडल में एसएसबी 45वीं बटालियन वीरपुर की बाह्य सीमा चौकी शैलेशपुर ने मंगलवार को भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर दो सूडानी महिला को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट रूपेश शर्मा ने बताया कि बाह्य सीमा चौकी शैलेशपुर के सामने से भारत-नेपाल जाने-आने का एक पारंपरिक मार्ग है।जहां से दोनों देशों के नागरिकों का आवागमन होता है । इस रास्ते पर एसएसबी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी शैलेशपुर का एक चेक पोस्ट है।

इस चेक पोस्ट के रास्ते आने जाने वालों की चेकिंग चेक पोस्ट पर तैनात कार्मिकों द्वारा करने के पश्चात ही आने-जाने की अनुमति दी जाती है ।इस क्रम में आज दो महिलाएँ सूडानी नागरिक भारत से नेपाल जा रही थी।जिसे उ. नि. सरस्वती कुमार तथा अन्य 06 कार्मिकों (जिसमें 2 महिला बलकर्मी भी शामिल थी) के दल द्वारा रोककर पूछताछ के साथ जरूरी कागजातों की जाँच की गई।जाँच के दौरान पाया गया की दो सूडानी महिलाएं अवैध तरीके से नेपाल जा रही थी।

उनके वीजा की अवधि भी समाप्त हो चुकी थी।आवश्यक कागजी कार्यवाई उपरांत दोनो सूडानी नागरिक महिलाओं को भीमनगर ओपी पुलिस जिला-सुपौल को सुपुर्द किया। पूछताछ के दौरान दोनो सूडानी महिला ने अपना नाम सावसन अबड़ेल हालिम हमीद सलिह उम्र 43 दुसरा तहाने सादेलडीन एलहज सलिह उम्र- 50 वर्ष बताया गया।

## ख़ास ख़बर

## देवधा थाना क्षेत्र के आमा टोल निवासी यूवक की बिजली की तार की चपेट में आने से करंट लगने से हुई मौत



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/जयनगर देवधा थाना क्षेत्र के एक युवक की मौत बिजली की तार की चपेट में आने से हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के आमा टोल निवासी लगभग तीस वर्षीय श्रवण कुमार यादव बताया जा रहा हैं। जानकारी के मुताबिक युवक खेत मे कार्य करने के लिए गया बिजली कि ग्यारह हजार की तार की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक की मौत हो जाने से मुआवजे समेत अन्य मांगों को लेकर क्षेत्र में सड़क पर परिजनों ने शव रखकर सड़क को जाम कर दिया। मामले की सूचना पा कर पुलिस प्रशासन सड़क जाम स्थल पर पहुँच कर मामले की विस्तृत जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों के पहल पर पुलिस प्रशासन के आश्वासन के पश्चात सड़क जाम समाप्त किया गया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया गया। मृतक शादी शुदा था मृतक के दो बच्चे भी हैं।मृतक खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक कमाने वाला परिवार में अकेले था। पिता की मौत पहले ही चुकी हैं। वही मृतक के माँ ,पत्नी बच्चों और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## यार्ड में जल जमाव होने से इसका असर ट्रेन परिचालन पर पड़ा है



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/ मंडल के दरभंगा रेलवे यार्ड में बारिश के पानी से जल जमाव दर्जनों ट्रेनें विभिन्न रेलवे स्टेशन पर खडी रही। यार्ड में जल जमाव से जयनगर को आने वाली विभिन्न एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन घंटों विलंब से पहुंची। रेलवे सूत्रों के अनुसार मंगलवार की रात से लगातार मूसलाधार बारिश से दरभंगा रेलवे यार्ड में जल जमाव होने के कारण सिग्नल सिस्टम में तकनीकी खराबी आने से दरभंगा जंक्शन से विभिन्न रेल खंडों पर जाने वाली ट्रेनों पर ब्रेक लग गया।जयनगर रेलवे स्टेशन सूत्रों के अनुसार सियालदह से जयनगर को आने वाली ट्रेन नंबर 13185 गंगा सागर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 4 घंटा विलंब से पहुंची। इसी तरह ट्रेन नंबर 05535 समस्तीपुर जयनगर 4 घंटा, ट्रेन नंबर 15283 मनिहारी से जयनगर जानकी एक्सप्रेस 1 घंटा, ट्रेन नंबर 18105 राउलकेला जयनगर 40 मीनट, हावड़ा से जयनगर 13031 धुरियान पैसेंजर ढाई घंटा, 12436 आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस 1 घंटा एवं अमृतसर से जयनगर 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 10 घंटा विलंब से जयनगर पहूँची। जबकि जयनगर से अमृतसर के बीच चलने वाली शहीद एक्सप्रेस 5 घंटा एवं जयनगर से दानापुर को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस लगभग 3 घंटा विलंब से प्रस्थान किया। बारिश के कारण रेल इंजन में सप्लाई होने वाले विधुत लाइन में तकनीकी खराबी आने से जयनगर मधुबनी रेल खंड पर विधुत आपूर्ति प्रभावित होने के कारण समस्तीपुर जयनगर पैसेंजर समेत अन्य ट्रेन विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर घंटों खडी थी।

## विशाखा जिंदल 2023 की सी ए की परीक्षा में 223 अंक लाकर अर्जित की सफलता



**फारबिसगंज** ।विशाखा जिंदल सुपुत्री प्रियंका प्रीतम जिंदल सुपौत्री स्वर्गीय गोकुलचंद्र जिंदल ने 2023 की सी ए की परीक्षा में 223 अंक लाकर सफलता अर्जित की है।उनकी इस सफलता से न सिर्फ अग्रवाल समाज वरन सकल मारवाड़ी समाज,पूरे अररिया जिला और राज्य का मन बढ़ाया है।

# राष्ट्रीय जनता दल के 27 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर बुधवार को अररिया जिला राजद कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**राजद की यह टीम पूरी तरह संतुलित दिख रही और आने वाले दिनों में अररिया राजद का परचम लहरना तय है- पूर्व सांसद**



**अररिया।**राष्ट्रीय जनता दल के 27 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर बुधवार को अररिया जिला राजद कार्यालय का उद्घाटन बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री आदरणीय श्री शाहनवाज आलम जी ,पूर्व सांसद आदरणीय श्री सरफराज आलम जी राजद प्रदेश महासचिव श्री अरुण यादव जी जिलाध्यक्ष श्री मनीष यादव जी प्रधान महासचिव मनोज विश्वास जी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के कर कमलों से फीता काटकर किया गया, तत्पश्चात केक काटकर उत्साहपूर्वक एक दूसरे को खिलाया गया इसके पश्चात राष्ट्रीय जनता दल के नवगठित जिला कार्यसमिति के बैठक की कार्यवाही शुरु हुई, नवगठित जिला कार्य समिति के सभी पदाधिकारियों को माननीय मंत्री बिहार सरकार एवं पूर्व सांसद और जिलाध्यक्ष के हाथों से प्रमाण पत्र दिया गया साथ ही टोपी और गमछा देकर स्वागत किया गया /जिसमें राजद के सभी प्रखंड अध्यक्ष ,प्रधान महासचिव सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं जिला राजद के सभी पदाधिकारी सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्य सम्मिलित थे। बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री मनीष यादव जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधान महासचिव श्री मनोज कुमार विश्वास जी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में मंच संचालन का दायित्व प्रवक्ताद्वय जगदीश झा गुड्डू और रामनारायण विश्वास द्वारा निभाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री श्री शाहनवाज आलम जी ने जहां जिला अध्यक्ष की जमकर तारीफ की वहीं संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया, उन्होंने कहा कि आज नवगठित जिला कार्यसमिति के सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र मिला है इसके लिए बहुत-बहुत बधाई उम्मीद है सभी पदधारक अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे और राजद को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सरफराज आलम ने बूथ कमिटी और पंचायत संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया कहा कि नए कार्यसमिति में ऊर्जावान लोगों को शामिल किया गया है यह टीम पूरी तरह संतुलित दिख रही और आने वाले दिनों में अररिया राजद का परचम लहरना तय है ।बैठक को संबोधित करने वालों में प्रदेश महासचिव अरुण यादव जी पूर्व जिला अध्यक्ष विश्व मोहन यादव जी ,पूर्व जिला प्रधान महासचिव श्री अरुण कुमार यादव जी, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव ई.आयुष अग्रवाल,महिला राजद जिलाध्यक्ष लवली नवाब जी, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष क्रांति कुंवर जी, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार विभु जी, किरण ऋषिदेव जी, अनिल साह जी, वाहिद अंसारी जी, लालमोहन यादव जी, पलासी प्रखंड अध्यक्ष हेम नारायण यादव जी, सिकटी प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार जी कुर्साकाटा प्रखंड अध्यक्ष मुश्ताक अली जी जोकीहाट प्रखंड अध्यक्ष दिनेश विश्वास जी अररिया प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नसीम जी अररिया नगर अध्यक्ष सुशील कुमार विश्वास जी फारबिसगंज नगर अध्यक्ष बेलाल अली जी फारबिसगंज प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल जी जोगबनी अध्यक्ष विकास कुमार जी नरपतगंज प्रखंड अध्यक्ष धनंजय यादव जी भरगामा के प्रखंड अध्यक्ष सरोज मेहता जी रानीगंज नगर अध्यक्ष रिंकू पासवान जी जोकीहाट नगर अध्यक्ष फरहान कौशर जी, अविनाश मंगलम जी, अविनाश आनंद जी, अमित पुर्वे जी आपदा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनीष यादव जी राजद जिला महासचिव कमाले हक जी युवा राजद के प्रधान महासचिव मोहतसीम अख्तर जी एवं अन्य लोग शामिल थे।

# यूएचएसएनडी सत्र- शहरी क्षेत्र की दो महिलाओं ने अंतरा की लगवाई सुई, परिवार नियोजन अपना कर पेश की मिसाल



**महिलाओं के गर्भधारण रोकने में यह 99.7त्न प्रभावी- सिविल सर्जन**

**नियत तिथि से 14 दिन पहले या 28 दिन बाद तक अंतरा की सुई लगवा सकती हैं महिलाएं- एमओआईसी**

**लाभार्थी एवं प्रोत्साहित करने वाले को दी जाती है प्रोत्साहन राशि- सलाहकार**

**महिलाएं अपनी इच्छानुसार अंतरा की लगवा सकती हैं सुई- पीएसआई**

**पूर्णिया** ।परिवार नियोजन को लेकर इच्छुक महिलाएं अपनी रुचि व पसंद के हिसाब से स्थायी और अस्थायी प्रक्रिया का चयन आसानी से कर सकती हैं। यह बच्चों में अंतर रखने का सबसे आसान तरीका है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध अंतरा की सुई काफी कारगर मानी जाती है। जिसको लेकर वीएचएसएनडी के दिन शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या- 38 के अंतर्गत सरदार टोला मुहल्ला के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या- 108 पर सेविका पूजा कुमारी, एएनएम संगीता कुमारी, पीएसआई इंडिया के जिला प्रबंधक अयाज़ असरफी, परिवार नियोजन समन्वयक प्रेम रंजन के द्वारा स्थानीय पोषक क्षेत्रों की महिलाओं को परिवार नियोजन को लेकर जागरूक किया गया। यहां सरदार टोला मुहल्ला निवासी अरुण साह की 24 वर्षीय पत्नी निपु देवी एवं भागवत साह की 25 वर्षीय पत्नी रिभा देवी ने जागरूक होकर अंतरा की पहली डोज लगवाई। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि अंतरा महिलाओं के लिए एक सरल एवं सुरक्षित असरदार साधन है। अंतरा की सुई लेने से महिलाओं के शरीर में प्रत्येक महीने अंडा नहीं बनता है। गर्भाशय की तैयारी के लिए गर्भाशय की अंदरुनी परत मोटी नहीं होती है। जिस कारण गर्भाशय के मुख्य द्वार पर गाढ़ा स्राव जमा हो जाता है। जिससे शुक्राणु गर्भाशय में प्रवेश नहीं कर पाता है। अगर सुई लगवाने में कोई गलती ना हो तो 100 में से एक से भी कम महिला ने गर्भाधान किया है। यानी गर्भधारण रोकने में यह 99.7त्न प्रभावी होता है। तिमाही लगने वाले इंजेक्शन का पूरा नाम मेड्रोक्सी प्रोजेस्ट्रोन एसीटेट है। गुलाबबाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि रौशन ने बताया कि अनचाहे गर्भ से निज़ात पाने के लिए अंतरा बहुत ही असरदार विधि है। इसकी सुई लगाने से 3 महीने तक गर्भधारण की संभावना नहीं होती है। इस विधि को दूध पिलाती मां भी आसानी से अपना सकती है। नवजात शिशुओं को पीने के लिए दूध की मात्रा और गुणवत्ता पर कोई असर नहीं पड़ता और ना ही शिशु पर कोई हानिकारक प्रभाव पड़ता है। यदि महिला ठीक 3 महीने बाद इंजेक्शन लगवाने नहीं आती तो निर्धारित तिथि से 14 दिन पहले 28 दिन बाद तक भी सुई लगवा सकती है। जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार मोहम्मद दिलनवाज़ ने बताया कि दो बच्चों के बीच अंतराल एवं अनचाहे गर्भ से बचाव के लिए नवीन गर्भ निरोधक- 'अंतरा' की सुई उन महिलाओं को लगाया जाता है, जिन्हें एक या दो बच्चों के बाद गर्भ में अंतर रखने के लिए दिया जाता है।

इस तरह साल में अंतरा की चार सुई दी जाती है। साथ ही सरकार द्वारा अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर प्रति डोज या सुई लाभार्थी को 100 रुपए एवं उत्प्रेरक को भी 100 रुपए स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिया जाता है। पीएसआई इंडिया के जिला प्रबंधक अयाज़ अशरफी ने बताया कि प्रजनन काल की सभी उम्र की महिलाएं जिन्हें एक भी बच्चा नहीं है या फिर एक से अधिक है एवं जिनका गर्भपात हुआ हो वह इसका इस्तेमाल आसानी से कर सकती हैं। जिन महिलाओं में खून की कमी, अनियमित मासिक धर्म, बच्चेदानी का ट्यूमर, उच्च रक्तचाप, थायराइड या टीबी की बीमारी हो तो उस स्थिति में चिकित्सीय परामर्श के बाद ही परिवार नियोजन से संबंधित स्थायी या अस्थाई साधन को अपना सकती है।

## नेपाल के तराई क्षेत्र में मूसलधार बारिश से कमलानदी जयनगर के जलस्तर में हो रही वृद्धि



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/जयनगर कमला नदी के जल अधिग्रहण वाले इलाकों में नेपाल और तराई इलाकों में हो रही बारिश के कारण एक बार फिर जयनगर में कमला नदी का जलस्तर बढ़ गया है।मंगलवार को सुबह से ही नदी के जलस्तर में वृद्धि होने लगी। वृद्धि का क्रम अभी तक जारी रहा।लोगों को अब बाढ़ का भय सताने लगा है। कमला नदी के जलस्तर में वृद्धि होने और मौसम विभाग द्वारा आगामी 2 दिनों तक जिले समेत नेपाल के तराई इलाकों में भारी बारिश होने की जारी चेतावनी के कारण एक बार फिर इलाके के लोगो को संभावित बाढ़ की चिंता सताने लगी है। लोग कमला नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि को जानने के लिए बेचैन होने लगे हैं। बता दे कि 13 जुलाई 2019 को कमला नदी में आयी भीषण बाढ़ ने भारी तबाही हुई थी।

## बिहार में व्याप्त भ्रष्टाचार और जंगलराज के खिलाफ 13 जुलाई को भाजपा करेगी प्रदर्शन



**अररिया।**जब से बिहार में महागठबंधन की सरकार आई है, तब से प्रदेश भ्रष्टाचार और जंगलराज से ग्रसित हो गया है। महागठबंधन की नौ महीने की सरकार में बहाली एक नहीं हुई, लेकिन 10 लाख नौकरी देने लोग 20 लाख युवाओं पर लाठियां बरसा रहे हैं। जिन्हें दस लाख सरकारी नौकरी का हिसाब- किताब देना चाहिए वो नित बेकार नीतियों से युवाओं को दिग्भ्रमित व ठगने का काम कर रहे है। बिहार सरकार को अविलंब CTET-BTET-STET अभ्यर्थियों को BPSC से छूट देकर सीधी नियुक्ति करने की दिशा में काम करे नियोजित और पंचायत शिक्षक को राज्यकर्मी का दर्जा मिले। नहीं तो अब शिक्षकों के हित में भाजपा अब सड़क पर उतरेगी। इसे लेकर 13 जुलाई को "विधानसभा मार्च" का आयोजन करेगी। जिसमे पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। उक्त बातें सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता कर कही, सांसद प्रदीप ने महागठबंधन की सरकार पर करारा हमला करते हुए कहा कि बिहार और बिहार के युवाओं का अपमान भाजपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी, भाजपा भविष्य की चिंता करती है और बिहार के भविष्य को बर्बाद नहीं होने देगी।इस प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, जिला पार्षद प्रतिनिधि लालू यादव, भाजपा नेता बालकृष्ण झा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चाईल्ड हेल्पलाईन सेवा के अन्तर्गत बच्चों से संबंधित समस्याओं के कॉल रिसिव करने हेतु गाइडलाइन जारी

**अररिया।**निदेशक, समाज कल्याण-सह-उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के पत्रांक-452, दिनांक- 16.06. 2023 द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना की मार्गदर्शिका जारी किया गया है, जिसके अनुसार चाईल्ड हेल्पलाईन (1098) का संचालन राज्य एवं जिला के समन्वय से किया जाना है। साथ ही इसे महिला हेल्पलाईन (151) एवं इमरजेंसी रिस्पॉस सपोर्ट सिस्टम (112) के साथ एकीकृत किया गया है। विदित हो कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 19.06.2023 तक चाईल्डलाइन इंडिया फाउण्डेशन (CIF) को चाईल्ड हेल्पलाईन सेवाओं को जिला को सौपने हेतु निदेशित किया गया है। वर्तमान में जिला चाईल्ड हेल्पलाईन के सुचारू संचालन हेतु एजेन्सी का चयन एवं कर्मियों के नियोजन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक तत्कालिक व्यवस्था के तहत उपलब्ध मानव संसाधन से ही चाईल्ड हेल्पलाईन सेवाओं को संचालित किये जाने का निदेश दिया गया है।उक्त के आलोक में सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, अररिया द्वारा आदेश जारी कर चाईल्ड हेल्पलाईन सेवा के अन्तर्गत बच्चों से संबंधित समस्याओं के कॉल रिसिव करने तथा जिले में 1098 की सेवा को संपादित करने हेतु अगले आदेश तक निम्न रूपेण कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**स्थापना दिवस** लगभग 300 बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया।

## राजद के 27वें स्थापना दिवस पर व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव ई. आयुष अग्रवाल ने 300 बच्चों के बीच बांटा पठन पाठन सामग्री



**फारबिसगंज।**राष्ट्रीय जनता दल के 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव ई आयुष अग्रवाल के द्वारा फारबिसगंज के भागकोहलिया पंचायत मेंलगभग 300 बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति में श्री अग्रवाल ने कहा कि शुरुआत से राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव समाज के द्वारा समाज को एकजुट करते हुए शिक्षित करने का प्रयास किया गया है जिसका परिणाम आज भी बिहार में देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से समाज का विकास किया जा सकता है और ज़रूरी है बच्चों को शिक्षित करते हुए सही राह पर ले जाने का। उन्होंने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव सम्पूर्ण बिहार के युवाओं की नई तक़दीर और तक़रीर लिखने के लिए आगे बढ़ चुके हैं और जिस तरीक़े से बिहार में सबसे ज़्यादा लोकप्रिय नेता के तौर पर उभरकर श्री यादव आएँ हैं, वह इसका जीता जागता प्रमाण है। श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ग़रीबों, शोषितों, वंचितों, दबे कुचलों के लिए लगातार संघर्ष करते रही है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए संघर्ष के साथ साथ जगह जगह पर सम्मान भी देने का काम किया है। राजद के 27वें स्थापना दिवस पर श्री अग्रवाल ने कहा कि बिहार की नींव मज़बूत है और इसे और ज़्यादा मज़बूत करने के लिए ज़रूरी है बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले जिसके लिए राजद परिवार व वर्तमान में महागठबंधन की सरकार कटिबद्ध है। वहीं दूसरी ओर राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के ज़िलाध्यक्ष व भागकोहलिया पंचायत के मुखिया रियाज़ आलम ने कहा कि बच्चों के भविष्य के लिए राजद समर्पित हैं एवं उनके लिए राजद परिवार मज़बूती से कार्य कर रहा है। मौक़े पर स्थानीय लोगों में राजद के मो अनवर, मो क़ुर्बान, विजय दास, जयकांत मंडल, कन्हैया दास, अजय दास, अनिल दास, अभिनाश दास, अतिश दास, सविता देवी, अनिता देवी, सुषमा देवी, सोनी देवी, प्रीति देवी व अन्य उपस्थित रहे।

## जिले में 7 अगस्त से शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष अभियान,अभियान के तहत दो वर्ष तक बच्चे व गर्भवती महिलाओं का होगा टीकाकरण



**अररिया ।** जिले में आगामी 07 अगस्त से मिशन इंद्रधनुष अभियान संचालित किया जायेगा। दो वर्ष तक के बच्चे व गर्भवती महिलाओं को 90 प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण लक्ष्य प्राप्ति के उद्देश्य से संचालित इस अभियान की सफलता को लेकर जरूरी तैयारी शुरू हो चुकी है। इसे लेकर सिविल सर्जन की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अभियान की सफलता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। अभियान के क्रम में लक्षित समूह के शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। अभियान के सफल क्रियान्वयन का हो रहा प्रयास जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि विस्तृत रणनीति के तहत अभियान की सफलता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है।

अभियान के क्रम में दो साल से कम उम्र के सभी बच्चे व गर्भवती महिलाओं टीकाकरण से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा।

इसे लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में अभियान की सफलता विभाग की प्राथमिकताओं में शुमार है। वैसे इलाके जहां नियमित टीकाकरण की पहुंच सीमित है, ऐसे चिह्नित इलाकों में मिशन इन्द्रधनुष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष पहल किये जाने की जानकारी उन्होंने दी। तीन चरणों में संचालित होगा अभियान

## ख़ास ख़बर

### देवघर- राँची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने पीएम मोदी को लिखा देवघर उपायुक्त भजंत्री के खिलाफ पत्र

**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा /देवघर/**भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ कई आरोप लगाये है। श्री चौधरी ने पत्र में लिखा कि वे गत 15 जून को बाबा मंदिर पूजा करने आये थे। उनके लिए सर्किट हाउस में कमरा आरक्षित करने के लिए विष्णुकांत झा ने डीसी श्री भजंत्री से बात की। जिसके बाद डीसी ने श्री झा को लिखित पत्र देने कहा ।डी सी के निर्देशानुसार इस बाबत लिखित पत्र दिया गया किन्तु उन्हें( श्री चौधरी) को कमरा नही मिला। बकौल श्री चौधरी उन्होंने डीसी से बात करने के लिए मोबाइल से कॉल किया किन्तु देवघर उपायुक्त के द्वारा नही उठाया गया। इसके अलावे श्री चौधरी के द्वारा उक्त पत्र में कई और बातें भी कही गई है। बताते चले कि इस मामले में कमरा नही मिलने से संबंधित बातों को लेकर श्री चौधरी ने मिडिया के प्रतिनिधि से बातें भी की थी। इधर इस मामले में उपायुक्त श्री भजंत्री से उनका पक्ष जानने का प्रयास विफल रहा। श्री भजंत्री का पक्ष मिलते ही उनका पक्ष भी रखा जाएगा।

### गोपालपुर सहित विभिन्न जगहों में भाजपाइयों ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/**महा जनसंपर्क अभियान के तहत नाला विधानसभा क्षेत्र के गोपालपुर सहित विभिन्न जगहों में भाजपा की ओर से ग्रामीणों से जनसंपर्क किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष जितेन राउत ने की । इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा भी मौजूद रहे। इस दौरान मोदी सरकार के 9 साल के विकास कार्यों के बारे में लोगों को अवगत कराया गया।साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस क्रम में ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार के 9 साल का विकास पर्चा बांटा गया। इस दौरान नाला मंडल क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनों गांव में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया । इस क्रम में नाला पंचायत के नाला, गोपालपुर, दलाबड, अमलाजोड़ा, जामवेदिया ,भालजूडिया ,सुडियापानि आदि जगह पर संपर्क अभियान चलाया गया।साथ ही 90 90 90 20 24 पर मिस कॉल कराया गया। मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा ,नाला मंडल अध्यक्ष जितेन राउत, वरिष्ठ कार्यकर्ता आशीष बनर्जी ,युवा मोर्चा अध्यक्ष कमल पैतंडी,मंडल कोषाध्यक्ष बकुल मंडल ,मंडल उपाध्यक्ष कैलाश मंडल, नंदलाल राय के अलावे अन्य ग्रामीण मौजूद थे

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए संघर्ष हेतु राजद तत्पर- संजय भारद्वाज

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/जामताड़ा/ देवघर/**राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन कैम्पस में राजद का 27वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश सचिव सह पूर्व प्रत्याशी मधुपुर विधान सभा संजय भारद्वाज ने केक काटा और गरीबों के बीच मिठाई बांटी गई। भारद्वाज ने कहा कि 1990 से में लालू यादव से जुड़ा हुआ हूं और हमलोग गरीबों, शोषितों, अकलियतों और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। आज जब कुछ ताकतें सामाजिक न्याय और धर्म निरपेक्षता को दरकिनार कर देश को खंडित करना चाहती हैं तो ऐसी स्थिति में राजद के संघर्ष की अहमियत और ज्यादा बढ़ गई है। देश की एकता,अखंडता और लोकतंत्र को बचाने के लिए इन ताकतों को मुंह तोड़ ज़बाब देना होगा और हमे एक होकर लड़ाई लड़नी होगी। राजद कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ इस संघर्ष के लिए तैयार हैं।कार्यक्रम का आयोजन रेलवे कैंपस में किए जाने की प्रासंगिकता के बारे में भारद्वाज ने कहा कि लालू जी जब रेल मंत्री थे तब रेलवे कुली और गरीब कर्मचारियों के हक में काफी काम किया था और जनहित के फैसले लिए गए। घाटे में चल रही भारतीय रेलवे को मुनाफे में लाने का काम किया गया। इसलिए सांकेतिक रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन रेलवे स्टेशन कैम्पस में किया गया है।इस अवसर पर मधुपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष अरविंद सिंह यादव, मारगोमुंडा प्रखण्ड राजद अध्यक्ष सऊद अंसारी, वरिष्ठ राजद नेता शिव कुमार मिश्रा और प्रदीप यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल में रक्त संग्रहण केंद्र का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया ऑनलाइन

**मौके पर सुबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और सचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद थे**



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में बुधवार को रक्त ब्लड बैंक का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऑनलाइन किया। मौके पर सुबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और सचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद थे ।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के कल्याण के लिए ही बनी है। अब ब्लड के अभाव में किसी भी मरीज की जान नहीं जाएगी। हालांकि जिला में ब्लड बैंक पूर्व से ही चालू अवस्था में है। जहां 276 ब्लड यूनिट संग्रह करने का क्षमता है। परंतु मधुपुर अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को ब्लड के लिए जिला जाना पड़ता था। खासकर गर्भवती महिलाओं को खून की कमी होने पर जच्चा बच्चा पर खतरा बना हुआ रहता था। परंतु अब अनुमंडल सहित सभी संबंधित प्रखंड के लोगों को खून मुहैया कराना आसान हो गया। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद को ब्लड लेने के लिए 1 यूनिट ब्लड डोनर को देना पड़ेगा। तत्पश्चात उसे स्टोरेज यूनिट से ब्लड मुहैया करा दिया जाएगा। उन्होंने जिले के सिविल सर्जन से जुगल किशोर चौधरी से अस्पताल की व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कहा कि सर्पदंश से किसी भी व्यक्ति की मौत नहीं होनी चाहिए। बरसात का सीजन है। सिविल सर्जन ने कहा कि जिला सहित सभी प्रखंडों में पर्याप्त मात्रा में सर्प दंश की दवा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने अनुमंडल अस्पताल की व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया ।उद्घाटन के पूर्व सुबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से अनुमंडल अस्पताल को रक्त संग्रहण केंद्र की सौगात मिली है। अब लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आसानी से अनुमंडल अस्पताल से ही ब्लड मुहैया कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना अनुमंडल अस्पताल में कराई गई। जिससे 50 ऑक्सीजन युक्त बेड अस्पताल में उपलब्ध है ।क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की बीमारी से निपटने हेतु खास इंतजाम है। मौके पर देवघर ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर विधु विवोध और अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने कहा कि रक्त भंडारण इकाई का अनुज्ञप्ति नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल से हो गया था ।माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा विधिवत उद्घाटन हो गया है।अब मधुपुर के जरूरतमंद मरीजों को आसानी से ब्लड उपलब्ध हो सकेगा। कहा कि ब्लड स्टोरेज सेंटर का संचालन प्रारंभ करने के पूर्व सभी इक्विपमेंट का कैलिब्रेशन कर लिया गया है। रक्त संग्रहण की क्षमता 50 यूनिट है। बताया कि भंडारण इकाई में 35 दिन तक रक्त को संग्रह कर रखा जा सकता है। जिस भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होगी वह डोनर के द्वारा रक्त उपलब्ध कराकर निशुल्क ब्लड ले सकते हैं। केवल थैलेसीमिया के मरीज को डोनर की आवश्यकता नहीं होगी। डोनर के लिए सप्ताह में 2 दिन मंगलवार और शनिवार को देवघर से ब्लड डोनेशन कैंप हेतु गाड़ी आएगी। जिसमें डोनर अपना ब्लड दे सकते हैं ।ब्लड देने वाले व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर निशुल्क ब्लड स्टोरेज यूनिट से 1 यूनिट ब्लड मिल जाएगा। उपाधीक्षक ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री सहित स्थानीय विधायक सह मंत्री हाफिजुल हसन का आभार व्यक्त किया है । कहा कि इनके निर्देश का ही नतीजा है कि आज मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल को रक्त संग्रहण केंद्र का सौगात मिला है। मधुपुर के जरूरतमंद मरीजों की चिर लंबित मांग रक्त भंडारण इकाई का प्रारंभ होना सफल हुआ। मौके पर प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी, मंत्री प्रतिनिधि शब्बीर अंसारी मंत्री प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद उर्फ फेकू , मंत्री ग्रामीण स्वास्थ्य प्रतिनिधि अली अहमद, डॉ आशा, डॉक्टर इकबाल अंसारी, डॉ दिलीप कुमार, इमरान अंसारी, अजय कुमार दास ,मनजीत कुमार जिला मीडिया प्रभारी समीर आलम समेत चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल के प्रयास से प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पेयजल समस्या का हुआ समाधान



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**मंगलवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल एवं मंदिर समिति सदस्यों के सहयोग से जामताड़ा नगर अंतर्गत कोट मोड़ स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण में चापाकल अधिष्ठापन का कार्य किया गया। आपको ज्ञात हो कि पिछले दिनों हनुमान मंदिर में पानी की समस्या को लेकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों के साथ पानी की समस्या का स्थाई समाधान के लिए विचार विमर्श किया था। जिस पर श्री मंडल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पानी की स्थाई समाधान के लिए नए चापाकल का अधिष्ठापन करवाया। इस मौके पर प्रसादी वितरण भी किया गया। प्रसादी को तैयार करने में चापाकल के निर्मल जल का उपयोग किया गया। हनुमान मंदिर प्रांगण में नए चापाकल का अधिष्ठापन होने से मंदिर समिति के सदस्यों ,नगर वासियों एवं भक्तजनों के बीच खुशी की लहर देखी गई। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा कि कुछ ही दिन पहले हनुमान मंदिर में पानी की समस्या को देखते हुए, मंदिर समिति के सदस्यों एवं नगर वासियों के साथ पानी की समस्या का स्थाई समाधान के लिए विचार विमर्श किया गया था और चापाकल अधिष्ठापन करने का निर्णय लिया गया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, मंगलवार के शुभ दिन को हनुमान मंदिर में नए चापाकल अधिष्ठापन का कार्य किया गया। श्री मंडल ने कहा कि हम सभी जामताड़ा वासी सनातनीयों के लिए हनुमान मंदिर हाईकोर्ट और मां चंचला मंदिर सुप्रीम कोर्ट हैं। जब भी हम सबको किसी प्रकार का कष्ट होता है तो हम सब बाबा बजरंगबली मंदिर और मां चंचला मंदिर में हाजिरी लगाने पहुंच जाते हैं। जहां क्षण मात्र में हमारे सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। 2008 में प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार हनुमान मंदिर और मां चंचला मंदिर में सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जामताड़ा के दोनों प्रसिद्ध मंदिरों में साफ सफाई के लिए प्रतिदिन सफाई मित्र की नियुक्ति की गई है। जब कभी भी मंदिरों में किसी आयोजन के लिए पेयजल की आवश्यकता पड़ी है ,तब टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की गई है। पिछले दिनों भीषण गर्मी के कारण हनुमान मंदिर प्रांगण में स्थित कुआं का जल सूख गया था। मंदिर प्रांगण में पानी की स्थाई समस्या का समाधान के लिए कुछ ही दिन पूर्व सभी मंदिर समिति के सदस्यों एवं नगर वासियों के साथ विचार विमर्श किया गया और मंगलवार के दिन मंदिर प्रांगण में नए चापाकल अधिष्ठापन का कार्य किया गया। अब सभी भक्तजनों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल एवं पूजन जल की उपलब्धता रहेगी। मौके पर मुख्य रूप से सोमनाथ सिंह ,रंजीत यादव, रंजीत राणा , चंदन राउत, अंजनी कुमार, नागेश्वर मंडल सहित तमाम नगरवासी उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित( जामताड़ा)/**बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से उत्साहित भाजपाइयों ने कुंडहित बस स्टैंड पर मंडल अध्यक्ष सजल दास के नेतृत्व में खुशी का इजहार किया। बुधवार को भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। वही ढोल नगाड़ा के साथ खुशी मनाई गई। पूर्व मंत्री सह स्थानीय भाजपा नेता सत्यानंद झा उर्फ बाटुल झा ने कहा की बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के पहले सीएम रहते हुए राज्य का भरपूर विकास किया था। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी हैं।बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा जिसका फायदा लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। मौके पर विष्णु मंडल, मनोज गोस्वामी,तापस भट्टाचार्य,राजू राय,विकास भारती,बाबन नायक, हरिसाधन मंडल,अरुप मंडल,विश्वरूप चौधरी तपन सिंह के अलावे काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुद्राक्षीपुर में जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने किया धान रोपनी का शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/**जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने बुधवार की सुबह जिला मुख्यालय से दूर कुंडहित प्रखंड के सुद्राक्षीपुर पंचायत स्थित सुद्राक्षीपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने खेत में संकेतिक रूप से धान रोप कर धान रोपनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृषि विभाग एवं पंचायत के किसान उपस्थित रहे। सुद्राक्षीपुर गांव में धान रोपनी का शुभारंभ धान रोप कर करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। अन्नदाता की खुशहाली से ही देश, समाज खुशहाल होगा। ऐसे में इनको हर संभव मदद और प्रेरणा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धान की खेती में अधिकतर किसान बीजोपचार नहीं करते हैं। उन्होंने किसानों से बीजोपचार करने की बात कही। वही किसानों को जैविक खेती को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का हर संभव समाधान किया जाएगा। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार के अलावे अनुमंडल उद्यान पदाधिकारी समसुद्दीन अंसारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुजीत कुमार सिंह,काजल रजवाड़ के अलावा काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### निर्वाचन कार्य को लेकर बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ अंचलाधिकारी ने की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला ( जामताड़ा)/**निर्वाचन कार्य को लेकर अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने बुधवार को नाला प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ बैठक की।इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में आगामी निर्वाचन 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं छूटे हुए मतदाता व 18 प्लस के युवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में चढ़ाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिसका फोटो सही नहीं है वैसे मतदाता का का सूची में नाम सत्यापन कर प्रविष्टि करवा ले।

अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने विभिन्न प्रपत्रों के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही खासकर नए नाम जोड़ने तथा वैसे मतदाता जिनका किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अशुद्धि है उसे सुधारने को लेकर आवश्यक बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए । छूटे हुए मतदाता व 18 + के नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि कराने को लेकर प्रेरित करने की बात कही ताकि आगामी निर्वाचन में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि 21 जुलाई से 21 अगस्त तक घर-घर सत्यापन का कार्य संपूर्ण कर लें।

**छापेमारी** अपराधियों के पास से पुलिस ने 16.38 लाख नगद, 11 मोबाइल और 13 फर्जी सिम कार्ड बरामद

## जामताड़ा साइबर थाना पुलिस ने की करमाटांड़ और नारायणपुर में छापेमारी, पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार,16 लाख नगद बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**साइबर थाना की पुलिस ने साइबर के विभिन्न अड्डे पर छापेमारी कर कुल पांच शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 16 लाख नगद और कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया है। करमाटांड़ और नरायणपुर प्रखंड क्षेत्र से इन साइबर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए साइबर अपराधियों में रियाज अंसारी, विनोद मंडल, शंभू नाथ मंडल, लक्ष्मण दत्ता और नीलम दा शामिल हैं।16 लाख नगद, 11 मोबाइल और 13 सिम कार्ड बरामद~ गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 16.38 लाख नगद, 11 मोबाइल और 13 फर्जी सिम कार्ड बरामद किया है। पकड़े गए साइबर अपराधी बकाया बिजली बिल का लोगों को मैसेज भेज कर और बिजली विभाग का अधिकारी बनकर साइबर क्राइम करते थे और लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।पकड़े गए सभी साइबर अपराधी बिजली बिल जमा नहीं करने और बिजली कनेक्शन काटने का फर्जी मैसेज भेजते थे। इसके बाद खुद को बिजली विभाग का अधिकारी बताकर लोगों को फोन करते थे और उनसे क्विक स्पोर्ट ऐप डाउनलोड करा कर व्हाट्सएप आदि के माध्यम से साइबर ठगी का काम करते थे। इससी सूचना पुलिस को मिली तो जामताड़ा एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक स्पेशल टीम गठित की। जिसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर यह सफलता प्राप्त की है।नारायणपुर और करमाटांड़ थाना क्षेत्र से हुई साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी ~ इस संबंध में जामताड़ा के एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधी बिजली विभाग का अधिकारी बनकर लोगों को बिजली बिल जमा करने के लिए मैसेज भेजते थे। साथ ही बिजली कनेक्शन काटने का मैसेज भेज कर साइबर ठगी करते थे। जिसकी सूचना मिलने पर नारायणपुर और करमाटांड़ थाना क्षेत्र के गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।साइबर अपराधियों ने साइबर ठगी से अर्जित की है अकूत संपत्तिः एसपी ने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधियों ने साइबर ठगी कर अकूत संपत्ति अर्जित की है। इसके लिए ईडी को कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। फिलहाल पकड़े गए साइबर अपराधियों के खिलाफ साइबर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने सभी साइबर अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए चार अपराधियों में विनोद मंडल और मिलंदा के खिलाफ पूर्व में भी साइबर अपराध को लेकर मामले दर्ज हैं।

### घर-घर महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपाइयों ने विभिन्न गांव में पहुंचकर लोगों से किया संपर्क



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**भारतीय जनता पार्टी का घर-घर महा जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को जामताड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रंजीत राणा के नेतृत्व में जामताड़ा मंडल के विभिन्न गांव में पहुंचकर लोगों से संपर्क किया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल के उपलब्धियों को जनता के बीच रखा एवं पत्रक बांटकर केंद्र सरकार के कामों को गिनाया। संपर्क अभियान में भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह शामिल थे। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार में गरीबों के लिए अनेक काम हुआ है।

प्रधानमंत्री आवास हर घर नल से जल योजना सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से रहा। इन योजनाओं का लाभ देशभर के सभी गांव में रहने वाले लोगों को मिला है। झारखंड में भी इस योजना का लाभ लोगों को मिला है। वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण केंद्र के लाभकारी योजनाओं का लाभ मिलने में जनता को कठिनाई हो रही है।

बावजूद मोदी जी के कार्यकाल में अनेक लोक कल्याणकारी काम हुआ है और जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। आने वाला 2024 के चुनाव में पुनः नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसके लिए देश के जनता ने भी अपना कमर कस लिया है। आज के अभियान में भाजपा जिला महामंत्री सुमित शरण एवं प्रवास हेंब्रम ने भी जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लिया एवं लोगों के बीच प्रधानमंत्री जी के कामों को गिनाया एवं अपार जन समर्थन का दावा किया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत प्रसाद यादव, मिथुन राउत, संदेव मुर्मू, साहेब लाल मुर्मू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## ख़ास ख़बर

## राजद का 27 वां स्थापना दिवस हजारीबाग में राजद प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजर मलिक ने मनाया



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/**राजद का 27 वां स्थापना दिवस ग्रांड़ पैलेस हजारीबग में राजद प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजर मलिक ने साथियों के साथ मनाया इसे यादगार बनाने के लिए बाबा साहेब ड़ॉ भीम राव अमबेडकर जी के विचारों संविधान जीवन में उठाई गयी परेशानीयों संघर्षो समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए किये गए कार्यों पर एक कियुज प्रतियोगिता किया जिस में युवाओं ने भाग ले कर अपने भीतर छुपे ज्ञान को उजागर किया प्रश्नों के उत्तर कम समय में देने वाले प्रतिभागीयों के बीच प्रथम, दूतीय, त्रितय, पुरुषकार दे कर उन्हें सम्मानित भी राजद के द्वारा किये गए साथ ही मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच बाबा साहेब ड़ॉ भीम राव अमबेडकर जी की जीवनी पर आधारित छोटी पुस्तकों वितरण की गई समाजिक न्याय के योद्धा मान्य श्री लालु प्रसाद यादव जी के नीतियों एवं सिद्धांतो को दबाया नहीं जा सकता उसे जितना रोकने का प्रयास क्या जाये गा वह उतना ही तेजी से फैले गा चुकि बाबा साहेब ड़ॉ भीम राव अमबेडकर जी के नीतियों को उनहों ने अपने हिर्दय में बैठा लिया है इस मौके पर मुख्य रुप से उदय राम, सयद तबरेज अखतर, राजेश यादव, अधिवक्ता सुनिल कुमार विश्वकर्मा, प्रो इरफान उद्दिन अशरफ, छोटु राणा, डॉ हसन चिस्ति, अभय साह, अनवर वारसी, आदित्य रजक, ताहिर अंसारी के अलावा कई शामिल हुए

## कटिहार के समाहरणालय के समक्ष डोमिसाइल नीति लागू कराने की मांग को लेकर जाप नेताओं ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**जन अधिकार पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के आह्वान पर पार्टी के बैनर तले शिक्षक बहाली नियमावली में संशोधन कर डोमिसाइल नीतू लागू करने की मांग को लेकर एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते वकील दास ने कहा कि सरकार शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति समाप्त कर बिहार के सभी शिक्षक अभ्यर्थी व सभी बेरोजगार युवकों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। डोमिसाइल नीति को समाप्त करने पर बिहार के अभ्यर्थी व बेरोजगार युवक को लाभ कम व अन्य प्रदेश के अभ्यर्थियों को अधिक लाभ मिलेगा। जिसे लेकर यह विरोध प्रदर्शन जताया जा रहा है और सरकार से डोमिसाइल नीति को लागू करने का मांग किया गया। वही धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बहादुरगंज में बरसों से रोड नही बनने से लोगों ने किया सड़क जाम लगाए सांसद मुर्दाबाद के नारे



**शुभ भास्कर, बहादुरगंज/अजमल अख्तर/**बहादुरगंज हॉस्पिटल से गुंजरमारी होते हुये सरन्डा को जाने वाली रोड पिछ्ले 20 सालों से जर्जर वह गड्ढे में तब्दील है जरा सी बारिश होने पर रोड नाला के सर्कल में तब्दील हो जाता है जिससे राहगीरों को बहुत परेशानीयों का सामना करना पड़ता है ! यह रोड मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत आता है जिसका टेंडर पिछ्ले सितंबर 2022 को हो चुका था 9 से 10 महीना बीत जाने के बावजूद अब तक कोई काम नहीं हो पाया है, आज ग्रामीणों द्वारा रोड जाम किया गया सरकार और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ हल्ला बोल हुआ तो मौके पर पहुंचे बहादुरगंज नगर चेयरमैन प्रतिनिधि वसीकुर रहमान ! ने लोगों को समझाते हुए बहादुरगंज विधायक अंजार नईमी जी से बात कि तो पता चला अब टेंडर कैंसिल हो चुका है ! हैरानी की बात तो यह है जो संवेदक ने यह टेंडर लिया था उस पर ना कोई कार्रवाई हुई ना हीं उसे ब्लैक लिस्ट किया गया !

# कटिहार के फलका में वज्रपात के चपेट में आने से एक पच्चास वर्षीय वृद्ध की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**कटिहार में मंगलवार की संध्या करीब पांच बजे फलका थाना क्षेत्र के राजधानी नहर समीप पोखरिया बहियार में वज्रपात के चपेट में आने से एक पच्चास वर्षीय वृद्ध मोहम्मद रिजवान महेशपुर निवासी की मौके पर मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी शकीना खातून उम्र-38 वर्ष एवं पुत्र मोहम्मद शमसाद उम्र-28 वर्ष मूर्छित हो गए। मूर्छित दोनों माँ व पुत्र को ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी फलका लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा दोनों का उपचार जारी है।घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल सदलबल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने की तैयारी में जुट चुके थे। घटना के बारे में बताया जाता है कि मंगलवार को मृतक मो0 रिजवान पत्नी व पुत्र के साथ में राजधानी नहर समीप पोखरिया बहियार में अपना खेत में धान रोपनी कर रहा था। इसी दौरान संध्या करीब पांच बजे बारिश के साथ वज्रपात होने से तेज आवाज के कारण मौके पर मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी व पुत्र मूर्छित हो गए। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मुखिया अब्दुल मजीद ने घटना की जानकारी सीओ दिवाकर कुमार को दिये। सीओ ने राजस्व अधिकारी सुशीलकांत सिंह को भेज कर जांच रिपोर्ट सौपने की बात कहा है। घटना को लेकर स्थानीय समाजसेवी जाबिर आलम,मो0 इमदाद,मो0 जमशेद आलम,मोहम्मद शहाबुद्दीन हसन सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से आपदा के तहत पीड़ित परिवारों को



मुआवजा दिलाने की मांग किया है। वहीं घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मंगलवार की संध्या करीब पांच बजे फलका थाना क्षेत्र के राजधानी नहर समीप पोखरिया बहियार में वज्रपात के चपेट में आने से एक पच्चास वर्षीय वृद्ध मोहम्मद रिजवान महेशपुर निवासी की मौके पर मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी शकीना खातून उम्र-38 वर्ष एवं पुत्र मोहम्मद शमसाद उम्र-28 वर्ष मूर्छित हो गए। मूर्छित दोनों माँ व पुत्र को ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी फलका लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा दोनों का उपचार जारी है।घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल सदलबल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने की तैयारी में जुट चुके थे। घटना के बारे में बताया जाता है कि मंगलवार को मृतक मो0 रिजवान पत्नी व पुत्र के साथ में राजधानी नहर समीप पोखरिया बहियार में अपना खेत में धान रोपनी कर रहा था। इसी दौरान संध्या करीब पांच बजे बारिश के साथ वज्रपात होने से तेज आवाज के कारण मौके पर मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी व पुत्र मूर्छित हो गए। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मुखिया अब्दुल मजीद ने घटना की जानकारी सीओ दिवाकर कुमार को दिये। सीओ ने राजस्व अधिकारी सुशीलकांत सिंह को भेज कर जांच रिपोर्ट सौपने की बात कहा है। घटना को लेकर स्थानीय समाजसेवी जाबिर आलम,मो0 इमदाद,मो0 जमशेद आलम,मोहम्मद शहाबुद्दीन हसन सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से आपदा के तहत पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की मांग किया है।

## किशनगंज में जन अधिकार पार्टी ने डोमिसाइल नीति लागू करने को लेकर धरना प्रदर्शन किया

**किशनगंज 5 जुलाई (अली रजा)/** बिहार के शिक्षक अभियार्थियों का डोमिसाइल को लेकर जहां जोरदार विरोध प्रदर्शन हो रहा है वहीं अब सियासी जमातें भी इस मामले को लेकर आगे आ रही हैं।

बिहार में शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर आज लोक जन अधिकार पार्टी (लो0) ने राज्यव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया

आज किशनगंज जिला समाहरणालय के सामने लोक जन अधिकार पार्टी के किशनगंज जिलाध्यक्ष इन्जीनियर नासिक नादिर की अध्यक्षता में हुये इस धरना-प्रदर्शन में सैंकड़ो पार्टी कार्यकर्त्ता एवम पदाधिकारियों ने भाग लिया एवम बिहार सरकार को जमकर निशाना बनाया।

इस अवसर यहाँ उपस्थित लोगों में युवा जिलाध्यक्ष तौसिफ समर, छात्र जिला अध्यक्ष इम्तियाज नसर, जिला महासचिव डाक्टर शाबान,



जिला उपाध्यक्ष लाडला नफीस, छात्र जिला महासचिव आसिफ आलम, युवा जिला प्रधान महासचिव अब्दुसमद, छात्र मिडिया प्रभारी खालिद अनवर राही, इत्यादी के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर किशनगंज जिला अध्यक्ष इन्जीनियर नासिक नादिर ने कहा कि बिहार सरकार शिक्षक बहाली नियमावली में पन्द्रह से बीस दिनों में अबतक आठ से नव बार संशोधन कर चुकी है।

अगर देश के सभी राज्यों के लोगों को शिक्षक बहाली के लिए

**(बिहार शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल निति लागू की मांग हो रही है तेज)**

लाया जायेगा तो पढे लिखे बिहारी बेरोजगार युवा कहां जायेंगे ? लिहाजा बिहारी युवाओं की यह हकमारी काबिले कबूल नहीं है यह हकमारी होने नहीं दि जायेगी ।

और इसपर चिंता की बात यह है कि ईस संबंध में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री ने जो बयान दिया है वह शर्मनाक है। शिक्षा मंत्री का बयान जिसमें उन्होंने कहा है कि बिहार में अंग्रेजी, साइंस इत्यादी के टीचर नहीं मिलते हैं।

शिक्षा मंत्री का यह बयान पुरे बिहारियों का अपमान है। क्योंकि बिहार में योग्यतम शिक्षक अभियार्थी हैं। हम शिक्षा मंत्री के उक्त बयान की कड़ी निन्दा करते हैं।

और बिहार सरकार से मांग करते हैं कि बिहार में शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू किया जाये।

## सिमराही में कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय रामविलास की मनाई जयंती



**संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल/**जिले में राघोपुर प्रखंड में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संस्थापक पूर्व केंद्र मंत्री पद्मम भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान के 77 वां जयंती को लेकर सिमराही बाजार में कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यज्रताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अति पिछड़ा प्रकोष्ठ (सुपौल) के जिलाध्यक्ष कुंदन कुमार साह ने किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि आज पूरा बिहार नहीं पूरा देश स्वर्गीय रामविलास पासवान जी को जानते हैं। जो एक बार नहीं 10-10 बार केंद्र के मंत्रिमंडल का नेतृत्व किया। उसके नरसिम्मन में बिहार सहित देश के विकास की इबादत लिखी गई। प्रदेश से मुख्य अतिथि के रूप में लोचन कामेत, प्रधान महासचिव एवं रेनू लता भारती पूर्व प्रत्याशी त्रिवेणीगंज उपस्थित थे। जिसमें जिले के सभी कार्यकर्ता सहित मनकेश्वर पासवान, जिलाध्यक्ष लेबर सेल कामेश्वर पासवान, जिलाध्यक्ष एसटी एससी अशोक साह, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार रंजन, जिला उपाध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, जिला महासचिव अमित गुप्ता, जिला संगठन मंत्री, एवं भक्ति साह छेदी पासवान सचिन गुप्ता, सीनू कुमार, दीपक कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रेमा आनंद, चंदन दास, चंदन सेन, हरे राम रजक, एवं अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से मध्यस्था कार्यक्रम के बारे में दी गई जानकारी




**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/**झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा एक विशेष अभियान के तहत मध्यस्था का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 1 जुलाई से लेकर 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। जिनमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के मार्गदर्शन पर बुधवार को प्रखंड परिसर कुंडहित में विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से मध्यस्था के बारे में पीएलबी दुलाल चंद्र भूई ने लोगों को जानकारी दिया। इस दौरान पीएलबी दुलाल चंद्र भुई ने बताया कि विशेष मध्यस्था अभियान के तहत समझौता आपसी सुलह किया जाता है। यहां दोनों पक्षों को बुलाया जाता है और दोनों पक्षों की जीत अस्थाई निष्पादन किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का आप सभी अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए संघर्ष हेतु राजद तत्पर- संजय भारद्वाज



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**राष्टीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन कैम्पस में राजद का 27वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश सचिव सह पूर्व प्रत्याशी मधुपुर विधान सभा संजय भारद्वाज ने केक काटा और गरीबों के बीच मिठाई बांटी गई। भारद्वाज ने कहा कि 1990 से में लालू यादव से जुड़ा हुआ हूं और हमलोग गरीबों, शोषितों, अकलियतों और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। आज जब कुछ ताकतें सामाजिक न्याय और धर्म निरपेक्षता को दरकिनार कर देश को खंडित करना चाहती हैं तो ऐसी स्थिति में राजद के संघर्ष की अहमियत और ज्यादा बढ़ गई है। देश की एकता,अखंडता और लोकतंत्र को बचाने के लिए इन ताकतों को मुंह तोड़ ज़बाब देना होगा और हमे एक होकर लड़ाई लड़नी होगी। राजद कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ इस संघर्ष के लिए तैयार हैं।कार्यक्रम का आयोजन रेलवे कैंपस में किए जाने की प्रासंगिकता के बारे में भारद्वाज ने कहा कि लालू जी जब रेल मंत्री थे तब रेलवे कुली और गरीब कर्मचारियों के हक में काफी काम किया था और जनहित के फैसले लिए गए। घाटे में चल रही भारतीय रेलवे को मुनाफे में लाने का काम किया गया। इसलिए सांकेतिक रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन रेलवे स्टेशन कैम्पस में किया गया है।

**गिरफ्तार** एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया था

## शहर में हुए मोटरसाईकिल चोरी की घटना का महज 24 घंटे के अन्दर कटिहार पुलिस ने किया उदभेदन, दो अंतर्राज्जीय शातिर चोर गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा की रिपोर्ट/**दिनांक-03-07.23 को विनोदपुर चुनागली वार्ड नं0-31 स्थित विमल सिंह बेगानी पे0-शोभाचन्द बेगानी, सा0-चुनागली नं0-31, थाना-नगर, जिला-कटिहार ढुकी हीरो ग्लेम मोटरसाईकिल नं0-बी0आर039 टी0-4232 की चोरी की घटना घटित हुई। इस संदर्भ में एवं नगर एवं सहायक थाना क्षेत्र में पूर्व में घटित मोटरसाईकिल चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय कटिहार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय सदर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया था।उक्त छापामारी टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास



लगे सी0सी0टी0भी0 कैमरा के अवलोकन, आसुचना संकलन एवं तकनिकी अनुसंधान एवं त्वरित कारवाई करते हुए उक्त मोटरसाईकिल को मनिहारी थाना अंतर्गत दिलारपुर छीट बोलिया से बरामद करते हुए दो शातिर अंतर्राज्जीय चोर को गिरफतार किया गया पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि कटिहार शहर से ये लोग दर्जनों से अधिक मोटरसाईकिल की चोरी किये है। चुराये गए उक्त मोटरसाईकिल को बंगाल एवं झारखंड ले जाकर उसे सात हजार से लेकर पंद्रह हजार रूपये तक मे आसानी से बेच देतें है। गिरफ्तारः- 1. शेख अयुब पे0-शेख दस्तगीर 2. मो0 अजरूद्दीन पे0-शेख असलम दोनों सा0-दिलारपुर छीट बोलिया वार्ड नं0-01, थाना-मनिहारी जिला-कटिहार 7 आपराधिक इतिहास- 1. नगर थाना कांड सं0-498/ 23 दि0-03.07.23 घारा-379 IPC 2. नगर थाना कांड सं0-183/23 दि0-12.03.23 घारा-379 IPC 3. नगर थाना कांड सं0-365/23 दि0-15.05.23 घारा-379 IPC 4. नगर थाना कांड सं0-467/23 दि0-22.06.23 घारा-379 IPC 5.सहायक थाना कांड सं0-492/23 दि0-01.07.23 घारा-379 IPC 6.नगर थाना कांड सं0-483/23 दि0-27.06.23 घारा-379 IPC

## बागडेहरी थाना क्षेत्र में दो पक्षों में हुई मारपीट मामले को लेकर मामला दर्ज, चार गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर/मोहन मंडल/कुंडहित(जामताड़ा)/**बुधवार को बागडेहरी थाना क्षेत्र के कालीपाथर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट को लेकर दोनों पक्षों ने बागडेहरी थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। वही बागडेहरी पुलिस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए दोनों पक्षों के 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पहला पक्ष कालीपाथर निवासी शेख ग्यास के आवेदन पर बागडेहरी थाना कांड संख्या 22/2023 भादवि की धारा 323/341/325/307/379/504/ 506/34 के तहत गांव के ही शेख शिलन, शेख माजार एंव प्यारा बीबी को जान मारने की नियत से मारपीट करने के आरोप में नामजद किया गया है। जबकि दूसरा पक्ष प्यारा बीबी के आवेदन पर बागडेहरी थाना कांड संख्या 23/2023 भादवि की धारा 341/323/ 504/506/509/ 452/34 के तहत गांव के ही गैसउद्दीन शेख, शेख आल्लाराखु को जान मारने की नीयत से मारपीट करने के आरोप में नामजद किया गया है। आवेदन के आधार पर बागडेहरी पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें पहला पक्ष के शेख शिलन एंव शेख माजार वही दूसरे पक्ष के गैसउद्दीन शेख एंव शेख आल्लाराखु शामिल है। इस संबध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीपाथर गांव में दो पक्षों में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। दोनों आवेदन पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।






**संपादक /प्रकाशक /दैनिक शुभ भास्कर सुनील कुमार मिश्रा /बद्री/**आज बागेश्वर धाम और श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज को पूरा हिंदुस्तान अपना चुका है और अपना बना चुका है आने वाले समय में उसी तरह से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज को संसार अपना गुरु मानेगा जिस तरह से श्री स्वामी विवेकानंद महाराज को शिकागो में सभी धर्म आचार्यों ने माना था

बागेश्वर धाम क्यों प्रसिद्ध है?

बागेश्वर धाम सरकार क्यों है फेमस? बागेश्वर धाम **भगवान हनुमान के मंदिर के लिए फेमस है**। बागेश्वर धाम अनेक तपस्वियों की दिव्य भूमि है, जहां दर्शन मात्र से ही लोगों को बालाजी महाराज की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त हो जाता है। बता दें, हनुमान की कृपा और आशीर्वाद लेने के लिए भक्त भारत के सभी राज्यों से आते हैं। 2 फ़र॰ 2023



6 बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री कथा भी क[…] जिसका मुख्य उद्देश्य है, दुनियाभर में सनातन परंपरा [...] प्रचार-प्रसार करना एवं समग्र लोकाचार, सार्वभौमिक [...] सत्य, प्रेम और करुणा का संदेश फैलाना है.



7 धाम परिसर में समाज कल्याण और लोक कल्याण योजनाएं भी चलाई जाती है. यहां अन्नपूर्णा रसोई, गौ शाला और गौ रक्षा के प्रति जागरूकता, धाम की चढ़ोत्री से प्रतिवर्ष गरीब और बेसहारा बेटियों का विवाह, वैदिक शिक्षा के लिए धाम परिसर में गुरुकुल, पर्यावरण संरक्षण के लिए देश में बागेश्वर बगिया, बेसहारा बच्चों के लिए रहने खाने से लेकर शिक्षा की व्यवस्था करना जैसे कल्याणकारी योजनाएं चलती है.

# श्री ऊं कल्याण गातरोड धाम में गुरु पूर्णिमा पर भजन संध्या व सत्संग

शहर के शिवाजी नगर स्थित श्री ऊं कल्याण गातरोड धाम पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। धाम के प्रवक्ता हेमंत सोनी ने बताया कि धाम के गुरुवर महंत श्री जयसिंह सोलंकी के मुखारबिंद से गुरु महिमा गुरु कृपा कथा भक्तो को सुनाई गयी व गुरु पूजन, गुरु गादीपूजन,पादुका पूजन,गुरु दीक्षा महाआरती व महाप्रसादी एवं भंडारे का आयोजन किया गया। गुरुदेव महंत जयसिंह सोलंकी द्वारा ठाकुरजी श्री कल्लाजी महाराज का दिव्य दरबार लगाया गया। जिसमें भक्तजनों को आशीर्वचन व गुरु दीक्षा दी गई।

इस मौके पर भव्य भजन संध्या व सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमे गायक गोविंद सोनी, अभिनव श्रीमाली ने गुरु मेरी पूजा गुरु गोविंद, गुरुवर दिजीये जन्म जन्म का साथ, कल्लाजी की महिमा निराली भजन सुना कर भक्तो को भावविभोर कर दिया वाद्य यंत्रों पर दिपक, मीत जोशी, कचरूलाल की भव्य प्रस्तुती रही। श्री कल्याण सेना से गणेश लाल मोची, हेमंत शर्मा, सुनील पटेल, विशाल पटेल,उत्सव दवे, वर्षा कुंवर, राजकुमारी प्रजापति एवं दल ने सेवा दी कार्यक्रम में बागड़ सहित मारवाड़, मध्य प्रदेश व गुजरात से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



भक्तिमय गीतों में झूमते श्रद्धालु।




हिंदुस्तान में जय बागेश्वर धाम श्री बालाजी महाराज दिव्य दरबार और धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के अनेकों चमत्कार

बागेश्वर धाम के नाम के पीछे की कहानी



**महादेव की इस मढिया के पास ही बना है बालाजी धाम हनुमान जी महाराज का नया मंदिर**. बागेश्वर धाम महाराज के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री इन्हीं बालाजी के उपासक हैं और कहते हैं कि उनको इन्हीं की सिद्धि मिली है और इन्हीं के दम पर वह लोगों का भूत व भविष्य बताते हैं.



4 बागेश्वर बालाजी महाराज की पेशी के लिए जिन भक्तों की अर्जी लगती है, उन्हें हर मंगलवार को बालाजी महाराज के दरबार में पेशी लगानी होती है और महाआरती में शामिल होकर अपनी पेशी पूरी करनी होती है.

# भाजपा लाख प्रयोग कर ले, अब सफलता नहीं मिलेगी - अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा कितने भी प्रयोग कर ले लेकिन उसका प्रयोग सफल नहीं होने वाला है और अब उसकी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अयोध्या का एक दिवसीय दौरा किया। यादव ने अपने अयोध्या प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर सपा कार्यकर्ताओं औरपार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अध्यक्ष के लिए लखनऊ से लेकर अयोध्या तक भव्य स्वागत का आयोजन किया गया। यादव ने कहा, भाजपा कितने भी प्रयोग कर ले, वो प्रयोग सफल नहीं होने वाले हैं, भाजपा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, 2024 में सपा और उसके सहयोगियों की ऐतिहासिक जीत होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वरुण गांधी सपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ सकते हैं, इस सवाल पर अखिलेश ने सीधे जवाब देने की बजाय कहा, समाजवादी पार्टी उसी को मैदान में उतारेगी जो कड़ा मुकाबला कर सके। गौरतलब है कि पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी किसानों समेत अनेक मुद्दों पर मुखर रहे हैं।

ऐसे में यह भी कयास लगने लगा कि गांधी अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में राज्?य की मुख्?य विपक्षी पार्टी सपा के उम्मीदवार हो सकते हैं। भाजपा सरकार पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए, अखिलेश यादव ने कहा, जो लोग एक अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के सपने दिखा रहे हैं, वे सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने तंज किया, उत्तर प्रदेश की सड़कों पर यातायात प्रबंधन मवेशियों द्वारा किया जा रहा है। वरिष्ठ सपा नेता हाजी फिरोज खां गब्बर के रौनाही स्थित आवास पर संगठन की अनौपचारिक बैठक में यादव ने कहा कि भाजपा से मुकाबला करने के लिए सभी को तैयार रहना होगा।

उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर अपनी आवाज उठाने का निर्देश दिया। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन पर अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा हमेशा इस तरह के प्रयोग करती रही है, भाजपा हमेशा कहती रही है कि भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। उन्?होंने सवाल किया कि पार्टियों को तोड़ना क्?या भ्रष्टाचार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ''वे दूसरी पार्टी के विधायकों को अपने पक्ष में लाने के लिए पैसे देते हैं, क्या यह भ्रष्टाचार नहीं है? अखिलेश ने कहा, इस तरह के कार्यों से भाजपा ने हमेशा लोकतंत्र को कमजोर करने और जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान करने की कोशिश की है।



## ख़ास ख़बर

### रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा, दो स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन, श्रावणी मेला को लेकर बड़हिया स्टेशन पर एक ट्रेन का होगा ठहराव



**पटना-** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रक्सौल और सिकंदराबाद के मध्य गाड़ी संख्या 07007/07008 सिकंदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। वहीं गया और जसीडीह के मध्य श्रावणी मेला के अवसर पर परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 03698/03697 गया-जसीडीह-गया-जसीडीह श्रावणी स्पेशल का बड़हिया स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। दरअसल, गाड़ी संख्या 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल 05.07.2023 से 26.07.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को सिकंदराबाद से 15.15 बजे खुलकर गुरूवार को 20.05 बजे डीडीयू, 21.28 बजे बक्सर, 22.30 बजे आरा, 23.30 बजे पाटलिपुत्र, शुक्रवार को 00.15 बजे हाजीपुर, 01.20 बजे मुजफ्फरपुर, 03.20 बजे सीतामढ़ी, 04.05 बजे बैरगनिया रूकते हुए 05.55 बजे रक्सौल पहुंचेगी ।बता दें कि, वापसी में गाड़ी संख्या 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल 07.07.2023 से 28.07.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को रक्सौल से 19.15 बजे खुलकर 20.05 बजे बैरगनिया, 20.50 बजे सीतामढ़ी, 22.45 बजे मुजफ्फरपुर, शनिवार को 00.01 बजे हाजीपुर, 01.05 बजे पाटलिपुत्र, 01.46 बजे आरा, 02.30 बजे बक्सर, 05.00 बजे पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए रविवार को 10.00 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास के 04 कोच, साधारण श्रेणी के 18 कोच और एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 24 कोच होंगे।वहीं गया और जसीडीह के मध्य श्रावणी मेला के अवसर पर परिचालित की जा रही श्रावणी स्पेशल ट्रेन का बड़हिया स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी सं. 03698 गया-जसीडीह श्रावणी स्पेशल 02.15 बजे बड़हिया स्टेशन पहुंचकर 02.17 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 03697 जसीडीह-गया श्रावणी स्पेशल 10.21 बजे बड़हिया पहुंचकर 10.23 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### श्रम संसाधन विभाग के द्वारा श्रावणी मेला में बाल श्रम मुक्त को लेकर जागरुकता रैली





**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर सुलतानगंज में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर श्रम संसाधन विभाग के द्वारा सुलतानगंज स्टेशन परिसर से नमामि गंगे घाट तक कौशल विकास केन्द्र के सैकड़ों छात्र एंव छात्रों द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई इस कार्यक्रम का नेतृत्व बाल श्रम आयोग के अध्यक्ष चक्रपाणि हिमांशु ने की इस कार्यक्रम में नियोजन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर भरत जी राम, भागलपुर कौशल युवा केंद्र के संचालक विजय आनंद ,कौशल युवा केंद्र सुल्तानगंज के संचालक किशन सिन्हा,कौशल जिला प्रबंधक विश्वजीत कुमार ,भागलपुर श्रम अधीक्षक विनोद प्रसाद ,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुल्तानगंज अभिनव आलोक, कहलगांव के नीतू कुमारी ,जगदीशपुर के मनोरंजन कुमार, कौशल विकास केंद्र ब्लॉक सेंटर के कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार सहित इत्यादि कौशल युवा के छात्र एंव छात्राओं ने श्रावणी मेला में बाल श्रम मुक्त होने का नारा लगाते हुए पैदल नमामि गंगे घाट पहुंचकर समापन किया गया इस दौरान बाल श्रम आयोग के अध्यक्ष चक्रपाणि हिमांशु ने मिडिया को बताया कि बाल श्रम कराना कानुनी अपराध है श्रावणी मेला में कोई भी दुकानदार बाल श्रम कराते हैं उस पर कड़ी कानुनी कार्यवाही की जाएगी

# राजद का 27वां स्थापना दिवस के मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी द्वारा झंडोत्तोलन कर लालटेन छाप के झंडे को सलामी दिए






**भागलपुर/**जिला राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर आज दिनांक 05 जूलाई 2023 दिन बुधवार को। राजद का 27 वां स्थापना दिवस के मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय (एम एस पैट्रोल पम्प खिरिबांध)भागलपुर में राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी के द्वारा (पार्टी का झंडा) का झंडोत्तोलन कर लालटेन छाप के झंडे को सलामी दिए।पार्टी के झंडोत्तोलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु जी थे।एवं वशिष्ठ अतिथि माननीय विधायक नाथनगर अली अशरफ सिद्धिकी जी मौजूद थे।राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा - पार्टी के 27 वां स्थापना दिवस आज राष्ट्रीय जनता दल परिवार में बड़ी हर्ष व्यक्त कर रहे हैं समाजिक न्याय और शांति सद्भाव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना एवं रक्षा करना ही जीवन का कर्तव्य है, बिहार प्रदेश के सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के सभी सम्मानित कार्यकर्ता गण को राष्ट्रीय जनता दल में इमानदारी से काम करने के लिए दिल से धन्यवाद दिए।वहीं मुख्य अतिथि बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु जी ने कहा-समाजिक न्याय की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल पार्टी हमेशा गरीब, दलित, पिछड़ा के हक हुकुम के अधिकार की लड़ाई में हमेशा ही आगे रही है।वहीं माननीय विधायक नाथनगर अली अशरफ सिद्धिकी जी ने समाजिक न्याय की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के निर्माता आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी को धन्यवाद देते हुए राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के 27 बर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय जनता दल परिवार के सभी सम्मानित कार्यकर्ता गण को शुभकामनाएं के साथ साथ बधाई दिए।आज के कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुल्तानगंज श्री फनीन्दर चौधरी, पूर्व कोशी स्नातक स्ष्ट प्रत्याशी डॉ नितेश यादव, प्रदेश सचिव डॉ तिरुपति नाथ यादव,जिला प्रधान महासचिव विश्वजीत कुशवाहा, वरिष्ठ राजद नेता महोम्मद समीम,राजद जिला प्रवक्ता अजीत यादव, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद साहेब उद्दीन,जिला उपाध्यक्ष तपेश पंजियारा, जिला उपाध्यक्ष अमर यादव, जिला उपाध्यक्ष गौतम बनर्जी,जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम खान,जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष अरुण मंडल, जिला उपाध्यक्ष रमेश रमन,श्याम सुंदर यादव, जिला उपाध्यक्ष रोहित यादव, सदानंद यादव, महिला प्रदेश महासचिव श्री मति रिंकू राज, श्री मति रानी देवी, प्रखंड अध्यक्ष सुल्तानगंज कैलाश प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष शाहकुण्ड कन्हाई प्रसाद सिंह, नगर अध्यक्ष सुल्तानगंज महोम्मद अफरोज आलम, प्रखंड अध्यक्ष नाथनगर अशोक कुमार राकेश, प्रखंड अध्यक्ष सबौर सुमंत यादव, प्रखंड अध्यक्ष गोराडीह महोम्मद सज्जाद उर्फ भोलू, प्रखंड अध्यक्ष सन्हौला पश्चिमी कन्तलाल यादव, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ई दिवाकर कुशवाहा,अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष नटबिहारी मंडल, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिवाकर मंडल,युवा जिला अध्यक्ष महोम्मद बसारूल हक़, महिला जिला अध्यक्ष श्री मति आशा जयसवाल,कला संस्कृति जिला अध्यक्ष बासुकीनाथ यादव, अकलियत जिला अध्यक्ष महोम्मद कलाम, आपदा प्रबंधन जिला अध्यक्ष महोम्मद इरसाद फतेहपुरी, छात्र राजद जिलाध्यक्ष राजा राधिका रमण,अकलियत महानगर अध्यक्ष मोहम्मद एयाज अली, युवा महानगर अध्यक्ष डॉ प्रवीण,माटी कला जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पंडित, युवा उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता,जिला महासचिव मोहम्मद मेराज, राहुल यादव, सलीमुर रहमान, महोम्मद नईम उद्दीन, शिशिर सिंह, सकलदेव यादव, रीतेश मेहता, मिथुन यादव, सुबोध पासवान,राजद नेता राम प्रसाद यादव, किसान प्रकोष्ठ प्रधान महासचिव योगेन्द्र प्रसाद यादव,विधि प्रकोष्ठ प्रधान महासचिव श्री मति पूजा गांधी,जिला सचिव धीरेन्द्र यादव, विनोद मंडल,सुमन देवी, बसंत कुमार उर्फ बासुकी यादव, जगदेव शर्मा,चक्रधर सिंह, महोम्मद बाबर, जगदेव शर्मा,महोम्मद इरफान, पूर्व आपदा प्रबंधन जिला अध्यक्ष महोम्मद मुन्ना खान, पूर्व सैनिक पंकज कुमार शर्मा,राजद नेता महोम्मद मेराज खान ( बादशाह), महिला प्रखंड अध्यक्ष सन्हौला अंजनी देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष कहलगांव नगर श्री मति पूजा पांडे, महिला प्रखंड अध्यक्ष पीरपैंती आरती देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सबौर श्री मति मीना देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सुल्तानगंज श्री मति बेबी देवी, महिला नगर अध्यक्ष सुल्तानगंज श्री मति किरण भारती, गीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुल्तानगंज मीना देवी,पायल देवी, लक्ष्मी देवी, सुलेखा देवी, प्रखंड प्रधान महासचिव पीरपैंती महोम्मद चांद आरती देवी,अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष शाहकुण्ड दिलीप पंडित, विश्व विद्यालय महासचिव चन्दन यादव,अति पिछड़ा नगर अध्यक्ष सुल्तानगंज प्रेम जीत कुमार, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष सुल्तानगंज महोम्मद मंजूर,प्रद सुमन कुमार, रंजन कुमार, महोम्मद ग्यास खान,सुमन कुमार सुमन, अजीत कुशवाहा, योगेन्द्र कुमार,सीतेश यादव, आलोक कुमार, मनीष कुशवाहा, जिला शोशल मिडिया प्रभारी अक्षय कुशवाहा एवं जिला मिडिया प्रभारी मंजीत ठाकुर के साथ साथ राष्ट्रीय जनता दल के सैकड़ों कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।इसके साथ ही राजद के जिला महासचिव संजय यादव उर्फ डब्लू जी के पिछले दिनों मृत्यु हो जाने पर राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर भागलपुर के सभी सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण ने 02 मिनट का मौन रख दिए श्रद्धांजलि।चंद्रशेखर प्रसाद यादव,जिला अध्यक्ष,राष्ट्रीय जनता दल, भागलपुर।

### अधिवक्ता की बेटी ने फंदे से झूल कर कर ली जीवन लीला समाप्त, कर रही थी B.Ed की पढ़ाई





**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर बरारी के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जनता फ्लैट मकान नंबर 46 में अधिवक्ता शैलेश चंद्र सिंह की बड़ी बेटी मोहिता मोहिनी ने गले में फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, मोहिता मोहिनी बरारी के क्रश्वस्त्र कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी, बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाने का काम किया करती थी, गौरतलब हो कि मृतिका मोहिता की छोटी बहन ने मोहिता के मोबाइल पर कई कॉल किए लेकिन जब उसका कॉल रिसीव नहीं हुआ तो उसे कुछ आशंका हुई और यह सूचना अपने पिता शैलेंद्र चंद्र सिंह को दी तभी उनके पिता जब आकर देखते हैं तो वह अपने कमरे में फंदे से झूलती हुई पाई गई, कारण का अब तक कुछ अस्पष्ट पता नहीं चल पाया है ,पुलिस शिनाख्त में जुटी है, वही घटनास्थल पर बरारी थाना पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वही उनके पिता शैलेंद्र सिंह ने बताया कि हम लोगों को इस तरह की घटना का कारण कुछ समझ में नहीं आ रहा है आखिर क्या कारण से मेरी बेटी ने इतना बड़ा कदम उठाया साथ ही उन्होंने कहा कि अब पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ भी साफ-साफ पता चल पाएगा। वहीं इस घटना को लेकर परिवार में मातम छाया हुआ है।

### जनसेवक में समायोजन को लेकर लगातार 27 वें दिन भी किसान सलाहकार का प्रदर्शन जारी



**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**बिहार कृषि समन्वयक कार्य समिति पटना के द्वारा भागलपुर जिला इकाई में लगातार 27वें दिन भी जनसेवक में समायोजन को लेकर प्रदर्शन जारी है उन लोगों की मांगे हैं वेतनमान में संशोधन किया जाए ग्रेड पे 2800 से उत्क्रमित करते हुए 4800 की जाए और कार्य हित एवं राज्य हित में पदनाम को कृषि विकास पदाधिकारी (एडीओ) की जाए इसको लेकर उन लोगों ने लगातार 27वें दिन कृषि विभाग भागलपुर में धरना प्रदर्शन जारी रखा है अब प्रदर्शनकारियों का रोक आक्रोशित देखा जा रहा है वहीं प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बिहार कृषि समन्वयक कार्य समिति भागलपुर इकाई के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि अगर हम लोगों की बातें नहीं मानी गई तो 12 जुलाई को विधानसभा का घेराव किया जाएगा और अनवरत यह हड़ताल जारी रहेगा।

### ऑल इंडिया कौमी तंजीम जिला भागलपुर के अध्यक्ष मो तकी अहमद जावेद की जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन



**भागलपुर/**ऑल इंडिया कौमी तंजीम जिला भागलपुर के अध्यक्ष मो तकी अहमद जावेद जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन से मांग करते हुए कहना है की भागलपुर में विभिन्न जगहो एवं रोड में जिस तरह से नाली का पानी बहता है साथ में कई जगह रोड खराब है उसको जल्द से जल्द दुरुस्त कराया जाए क्योंकि सावन की दो मां कांवरियों को आने जाने में किसी तरह की परेशानियां ना हो साथ में मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा मेला पर्व मोहर्रम कुछ दिनों में होने वाला है उस स्थिति में मुस्लिम हाई स्कूल के सामने रोड की स्थिति बिल्कुल जर्जर है इस कारण से यातायात में परेशानियां होती है उसको जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए पर्वती एवं आशानंदपुर क्षेत्र में रोड की स्थिति बिल्कुल जर्जर है खासकर पर्वती के पहले मुस्लिम स्कूल के पास दो जगह रोड की ढलाई का काम पूरा नहीं हुआ है इसे जल्द से जल्द ठीक क्या कर दिया जाए साथी साथ आने जाने वाले को बहुत ज्यादा तकलीफ होती है और स्कूल के बच्चे कॉलेज के बच्चे को जाम स्थिति में रहना पड़ता है मैं फिर से जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन से मांग करता हूं इसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए।

**खो-खो लीग** अब पुरुष खो-खो लीग की तैयारी में जुटा खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार

### 16 जुलाई को गोपालगंज में बिहार लीग कम नॉकआउट खो-खो फॉर मेंस के लिए खिलाड़ियों का होगा चयन

**भागलपुर/**बिहार वीमेंस खो-खो लीग के सफल संचालन और अपार सफलता के बाद खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार ने इस खेल के विकास के लिए एक कदम और आगे बढ़ाया है। अब संघ ने पुरुषों के लिए इसी तरह के लीग का आयोजन करने का मन बना लिया। उसकी रुपरेखा भी तैयार हो चुकी है। पुरुषों की लीग का नाम होगा लीग कम नॉकआउट खो-खो फॉर मेंस। इस लीग के बारे में जानकारी देते हुए खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव नीरज कुमार पप्पू ने बताया कि बिहार वीमेंस खो-खो लीग से हमें अच्छा रिस्पांस मिला। इसमें खेलने वाली खिलाड़ियों से लेकर बिहार के खो-खो प्रेमियों समेत तमाम लोगों ने अच्छी पहल बतायी। कई प्रतिभाएं निकल कर सामने आयीं और




खिलाड़ियों में कंपीटिशन की भावना जगी। इन सबों को देखते हुए संघ ने पुरुषों की लीग भी कराने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि इस लीग के खिलाड़ियों का ओपेन सेलेक्शन ट्रायल सीबीएसई सेकेंडरी एजुकेशन पब्लिक स्कूल बसडिला खास , गोपालगंज में 16 जुलाई को सुबह 8 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस चयन ट्रायल में बिहार के सभी जिलों के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। पुरुषों की लीग में भी अल्टीमेट खो-खो लीग के नियमों को लागू किया जायेगा। सचिव नीरज कुमार पप्पू ने बताया कि पुरुषों की लीग में इनामों की बारिश होगी। उन्होंने कहा कि कुल 1 लाख नकद राशि वितरित किये जायेंगे। इसके अलावा अन्य ढेरों पुरस्कार मिलेंगे।

### पीएम मोदी का संदेश पहुंचाने भाजपा महिला मोर्चा घर-घर चलाया जनसंपर्क अभियान



**भागलपुर/**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के अंतिम वर्ष पूरे होने पर बुधवार क़ो भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती आरती यादव में नेतृत्व में आयोजित घर-घर जनसम्पर्क अभियान की शुरुआत की नगर में पहुंचकर घर-घर जनसंपर्क अभियान किया। कार्यकर्ता ने आमजन को केंद्र की मोदी सरकार की नौ साल की जनहितैषी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही पत्रकों का वितरण कर योजनाओं की जानकारी दी।इसकी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने दी।भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती यादव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ साल में देश बदल रहा है। मोदी सरकार के कामों को हम जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष साह ने जनसंपर्क अभियान में उपस्थित होकर कहा की महिला मोर्चा कार्यकताओं के द्वारा प्रत्येक घर में जनसंपर्क किया जा रहा है।इस अभियान में प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के लिए महिला कार्यकर्ता जनसंपर्क में जुटे हैं।

### आकृति डोकानिया ने चार्टड एकाउंटेन्सी 2023 की परीक्षा पास कर भागलपुर का नाम रौशन किया




**भागलपुर/** ललायन्स इन्टरनेशनल जिला तीन सौ बाइस ई के सचिव लायन गोपाल खेतडीवाल जी एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन सारिका खेतडीवाल जी की बेटी (बहुरानी) आकृति डोकानिया ने चार्टड एकाउंटेन्सी 2023 की परीक्षा पास कर भागलपुर का नाम रौशन किया। भागलपुर के युवा व्यवसायी आयुष खेतडीवाल जो कि स्वंय आइआइटी से इंजीनियरिंग कर भागलपुर के शीर्ष व्यवसायियों की श्रेणी में हैं ने अपनी अर्धांगिनी को उसकी बेहतर सफलता पर बधाई दी। रिजल्ट के आते ही बधाइयों का तांता लग गया। सर्वप्रथम डॉ.पंकज टण्डन वाणिज्य के शिक्षक एवं समाजसेवी ने हार्दिक बधाई दी और उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। सीए आकृति डोकानिया की सफलता पर माता सपना डोकानिया एवं पिता अनिल डोकानिया ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और बधाई दी। सीए पुनीत चौधरी, सीए नीलेश अग्रवाल, सीए संदीप खेतडीवाल, सीए मुरारी खेतान, सीए अम्बरीष अग्रवाल, सीए अजय भगत, सीए सुनील दारूका, सीए दीपक सुल्तानिया, सीए नीतेश संथालिया, सीए अभिषेक अग्रवाल, सीए कमल किशोर लायन्स इन्टरनेशनल के पूर्व जिलापाल लायन प्रकाश नन्दाएवं अन्य गण्यमान्य ने बधाई दी।

# शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू करें सरकार नहीं तो होगी आर-पार की लड़ाई- जाप




**भागलपुर/** बुधवार को जन अधिकार पार्टी लो. द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बिहार में हो रहे शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू कराने की मांग को लेकर भागलपुर समाहरणालय के समक्ष पार्टी के बैनर तले महाधरना दिया गया, जिसमें पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के दर्जनों नेताओं के साथ छात्र परिषद के सभी नेता उपस्थित रहे। वहां उपस्थित नेताओं ने शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ घंटों बैठ जोरदार नारेबाजी किया। जन अधिकार छात्र परिषद के प्रदेश महासचिव बजरंग कुमार भगत, जाप के प्रदेश महासचिव जय प्रकाश यादव व युवा शक्ति के प्रदेश महासचिव राजकुमार यादव ने कहा कि यदि डोमिसाइल नीति लागू नहीं की जाती है? तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देने का काम करें ऐसे शिक्षा मंत्री नहीं चाहिए जो बिहार के छात्र विरोधी कार्य करें, आज बिहार के युवा-छात्र सरकारी नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहें मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री देश भर में अपना चेहरा चमकाने हेतु दुसरे राज्यों के अभ्यर्थियों को इसमें शामिल कराना चाह रही जो कि सरासर ग़लत है

अन्याय है बिहार के छात्रों के साथ जो हमलोग कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे आज का ये जिला मुख्यालय में एक दिवसीय प्रदर्शन सिर्फ सरकार को जगाने के लिए था आने वाले दिनों में ये निर्णय वापस नहीं लिया गया तो जोरदार प्रदर्शन समुचे बिहार भर में किया जाएगा आगे उन्होंने कहा शिक्षा मंत्री कहते हैं क्वालिटी शिक्षक की कमी है बिहार बाहर से आएंगे तो अधिक क्वालिटी वाले शिक्षक आएंगे जो कि बिहार के छात्रों का अपमान है ऐसे शिक्षा मंत्री को अविलंब बर्खास्त कर देनी चाहिए। वहीं पार्टी के? जिलाध्यक्ष नीरज कुमार, युवा परिषद् जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, वरिष्ठ नेता राजनीति प्रसाद जी, युवा शक्ति जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश, जन अधिकार छात्र परिषद का विश्वविद्यालय अध्यक्ष सत्यम वर्मा, पूर्व युवा परिषद जिला अध्यक्ष गौरव चौवे, छात्र परिषद के बांका जिलाध्यक्ष अनिकेत कुमार, मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष शुभम कुमार झा, टीएनबी कॉलेज अध्यक्ष प्रियांशु यादव ने कहा हमलोगों के घर का गार्जियन पता नहीं किया चाह रहे आज घर का बच्चा नौकरी के लिए भटक रहा हैं लेकिन इन्हें उससे मतलब नहीं है औरों से मतलब है पता नहीं बिहार के छात्रों से इन्हें जलन क्यूं हो रहा किया बिगारा है इन लोगों ने जो इसके हक की नौकरियां किसी दुसरे के देने की तैयारी की जा रही। मौके पर नीरज कुमार, जयप्रकाश यादव, बजरंग कुमार भगत, सत्यम वर्मा, ओमप्रकाश यादव, रवि प्रकाश, शुभम कुमार झा, प्रियांशु यादव, अनिकेत कुमार, विवेक कुमार, सचिन कुमार, राजनीति प्रसाद यादव, व दर्जनों छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

## साइबर एक्सपर्ट दीपक कुमार के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों को नवगछिया में ट्रेंनिग दिया गया

## खास ख़बर

### बिजली उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना बिजली (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020 सरकार द्वारा प्रख्यापित

**भागलपुर/**भारत की सभी बिजली उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 176 के तहत 31.12.2020 को विद्युत (उपभोक्ता के अधिकार) नियम, 2020 को प्रख्यापित किया है। भारत सरकार का प्रावधान है कि बिजली वितरण कंपनियों द्वारा कोई अकारण/जानबूझकर लोड शेडिंग नहीं की जाएगी।इन नियमों के तहत, 24×7* बिजली आपूर्ति उपभोक्ताओं का अधिकार है और यदि कोई वितरण कंपनी जानबूझकर लोड शेडिंग का सहारा लेती है तो उपभोक्ताओं को वितरण कंपनी से मुआवजे का दावा करने का अधिकार है। केंद्र सरकार ने विभिन्न सेवाओं के लिए एक वितरण कंपनी द्वारा लिए गए अधिकतम समय के मानदंड भी निर्धारित किए हैं जिनमें कनेक्शन, डिसकनेक्शन, रीकनेक्शन, शिफ्टिंग, उपभोक्ता श्रेणी और लोड में बदलाव, बिल की सेवा, वोल्टेज और बिल से संबंधित शिकायतों का समाधान शामिल है। इन सेवाओं को प्रदान करने में किसी भी देरी से वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को मुआवजा दिया जाएगा। नियमों की प्रति यहां से डाउनलोड की जा सकती है- https://powermin.gov.in/ अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता संपर्क कर सकते हैं।अखबार के एक अस्पष्ट कोने में छिपा हुआ यह नोटिस मुझे मिला जो बहुत उपयोगी है और यह जानने के लिए अच्छा है कि केंद्र सरकार हमें बताना चाहती है।

### आशा कार्यकर्ताओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल 12 जुलाई से

**5 जुलाई 23023, भागलपुर/**10000/- रुपये मासिक मानदेय, आशा व आशा फैसिलिटेटरों को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी का दर्जा, कोरोना अवधि में काम सहित अन्य कार्यों के सभी बकाये का भुगतान, पेंशन सहित समग्र सामाजिक सुरक्षा आदि 9 सूत्री मांगों की पूर्ति के लिए बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ (गोपगुट-ऐक्टू) के आह्वान पर भागलपुर सहित पुरे बिहार राज्य की आशा कार्यकर्ता व आशा फैसिलिटेटर 12 जुलाई 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।ऐक्टू के राज्य सह जिला सचिव मुकेश मुक्त ने ये जानकारी देते हुए कहा कि अपने 9 वर्षों के शासन में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बिहार सहित पूरे देश की आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक रुपया भी बढ़ाना तो दूर अब तक किसी भी केंद्रीय बजट में आशा कार्यकर्ताओं के हक में चर्चा तक नहीं की। आशा कार्यकर्ताओं को सरकार की न्यूनतम मजदूरी से काफी कम, मात्र एक हजार रुपए मासिक पारितोषिक दिया जाता है जबकि पटना उच्च न्यायालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना के दौरान आशा के कार्यों की सराहना की है।उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान बिहार विधान सभा के अंदर उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री ने आशा कार्यकर्ताओं की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की घोषणा की थी किन्तु अब तक आशा कार्यकर्ताओं की कोई भी मांगें सरकार ने पूरी नहीं की है। मजबूरन अपनी मांगों के समर्थन में आशा कार्यकर्ताओं को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। इसकी सारी जवाबदेही केंद्र-राज्य सरकार की होगी।

### गंगा पुल से लगाई छलांग, जीवन जागृति सोसायटी के जल सुरक्षा मित्र ने बचाई जान



**भागलपुर /**करीब 1बजे दोपहर में बरारी पुल घाट के उपर से पिलर ठ्रश 1एवम 2 के बीच से एक व्यक्ति ने लगा दी छलांग। वहां उपस्थित जीवन जागृति के जल दुर्घटना सहायता मित्र में से गंगा महलदार ने तेजी से नाव से जाकर डूब चुके व्यक्ति को गोता लगा कर बचाया। संस्था के अध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने कहा कि मैं खुद वहां गया और जल दुर्घटना सहायता मित्र प्रमुख को 700रुपए पारितोषिक के साथ जान की बाजी लगाकर बचाने के लिए संस्था के तरफ़ से धन्यवाद दिया ।आत्महत्या के प्रयास के कारण और नाम पता पूछने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम कन्हैया भगत पिता स्व रमाशंकर भगत नाथनगर टम टम चौक पासी टोला वार्ड नंबर 12 बताया, उनके माता पिता का देहांत हो चुका है, एक बहन है। वह गुदा रास्ते में कुछ बिमारी बता रहा है, जिससे वह परेशान है लेकिन उसका कोई मदद नहीं कर रहा है और इसी कारण से आत्महत्या का प्रयास किया डॉ सिंह ने इसकी सूचना बरारी थाना में दिया और उसे अपने नर्सिंग होम में ला कर कपड़ा बदलवाया खाना खिलाया और नाथनगर उसके घर पर उनके बहन राधिका देवी को सुपुर्द किया, साथ ही इसके बिमारी के ईलाज की सारी ज़िम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह व्यक्ति मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ्य है इसे काम पर लगाएं इसके उत्तम स्वास्थ्य की व्यवस्था संस्था करेगी।

### स्वर्गीय रामविलास पासवान की 77 मी जयंती मनाई गई ग्राम भूरिया में



**भागलपुर/**जयंती के अवसर पर अध्यक्षता ओम,शंकर सिंह चौहान, पंचम ह, अध्यक्षता मैं मनाई गई, इस अवसर पर, जिला के प्रधान महासचिव सुबोध पासवान, प्रखंड प्रधान महासचिव ओम शंकर सिंह चौहान, महेश दास रिंकु मंडल, मिथिलेश पासवान, सतनारायण सा, जय राम , सरगुन पासवान, लक्ष्मण, सतनारायण, आदि सैकड़ों में मौजूद

### कांवरियों की सुविधा के लिए भागलपुर से देवघर के बीच 3 बसों का परिचालन शुरू




**भागलपुर-** पथ परिवहन निगम ने कांवरियों की सुविधा के लिए भागलपुर से सुल्तानगंज और सुल्तानगंज से देवघर के लिए तीन बसें शुरू की हैं बसों का परिचालन श्रावणी मेला स्पेशल के नाम से किया जायेगा बसों का टाइम टेबल भी तय कर दिया गया है बसें तिलकामांझी सरकारी बस स्टैंड से सुबह 7 बजे और 10 बजे खुलेंगी भागलपुर से सुल्तानगंज का किराया 36 रुपये है, जबकि सुल्तानगंज से देवघर का किराया 150 रुपये है. दो बसें भागलपुर से भाया हंसडीहा होते हुए देवघर तक जाएगी और दो बसें भागलपुर से भाया हंसडीहा होते हुए रांची तक चलायी जायेंगी सभी बसों में 42 सीटें होंगी।श्रावणी मेला के दौरान कांवरियों को देवघर और रांची की यात्रा में मदद करने के लिए सड़क परिवहन निगम की यह एक अच्छी पहल है बसें कांवरियों को यात्रा करने के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक रास्ता प्रदान करेंगी और सड़कों पर यातायात की भीड़ को कम करने में भी मदद करेंगी।

### एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से हल्द्वानी आर्मी कैंट में लगातार जारी रहने वाले योग शिविर का आयोजन किया गया




**भागलपुर/**इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें योग को अपनाना बहुत ही जरूरी है क्योंकि योग वह क्रिया है जो शरीर के सभी अंगों की गतिविधियों और सांसों को नियंत्रित कर शरीर के साथ मन मस्तिक को प्रकृति से जोड़कर आन्तरिक और बाहरी ताकत को बढ़ावा देने का कार्य करता है और नियमित रूप से योग करने वाले व्यक्तियों के लिए योग एक बहुत ही अच्छा अभ्यास है जो सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ जीवन शैली के साथ बेहतर जीवन जीने में हमारी सहायता कर हमें योग एकाग्रता सहनशीलता अध्यात्मिकता सामाजिकता से परिपूर्ण कर समाजहित एवं भारतहित में कार्य करने के लिए हमेशा प्रेरित करता है इसलिए योग प्राचीन समय से मनुष्य को प्रकृति द्वारा दिया गया बहुत ही महत्वपूर्ण और अनमोल उपहार है जो जीवन भर मनुष्य को दृढ़ संकल्पित कर प्रकृति के साथ हमेशा जोड़कर रखता है इसीलिए तो योग व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य स्थापित करता है

### पैट रिजल्ट में हुए धांधली की जांच की मांग को लेकर कुलपति जवाहरलाल का पुतला दहन किया गया




**भागलपुर/**आज तिलकामांझी भागलपुरट्ठ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन सामने 3 बजे शाम में आइसा के विश्वविद्यालय संयोजक प्रवीण कुशवाहा के नेतृत्व में पैट रिजल्ट में हुए धांधली की जांच एवं पैट की उत्तर पुस्तिका दिखाने की मांग को लेकर कुलपति जवाहरलाल, परीक्षा नियंत्रक आनंद झा, डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर योगेंद्र महतो का पुतला दहन किया गया और आगे कहां कि विश्वविद्यालय प्रशासन बयान बदलना बंद करें !और छात्रों के हित में ध्यान में रखते हुए छात्रों को पैट रिजल्ट 2022 पुनः उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करें एवं उसका उत्तर पुस्तिका छात्रों को उपलब्ध कराएं नहीं और आगे कहा जब विश्वविद्यालय प्रशासन के पदाधिकारी ने कहा की छात्रों को छायाप्रति उपलब्ध कराई जाएगी फिर 1 दिन के बाद बयान जारी करता छायाप्रति उपलब्ध नहीं कराई जाएगी यह दोहरा नीति विश्वविद्यालय प्रशासन बंद करें और छात्रों को भविष्य को देखते हुए उसे छाया प्रति दे नहीं तो विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन किया जाएगा पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल आइसा के विश्वविद्यालय सहसंयोजक प्रशांत कुमार सिंह, और आइसा के संयोजन कमेटी सदस्य सिंटू कुशवाहा,अंबुज आनंद, सुमन यादव ,अभिषेक यादव, गुलशन कुमार विकास कुमार,करण राणा ,बादल मिश्रा, इत्यादि अन्य छात्र मौजूद थे

**27वी स्थापना** बिहार के विकास रथ को रोकने की जुगत में है बिहार की विपक्षी पार्टियां

### राजद सुप्रीमो के प्रभाव और प्रतिष्ठा से सकते में हैं केंद्र की भाजपा सरकार




**जमालपुर।** राष्ट्रीय जनता दल के 27 वी स्थापना दिवस के मौके पर रेल नगरी जमालपुर में राजद कार्यकर्ताओं ने जोश और उत्साह के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किए। वलीपुर में राजद नगर अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ बमबम यादव की अध्यक्षता में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए बिहार की विपक्षी पार्टियों के खिलाफ जमकर आक्रोश प्रकट किया। अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष बमबम यादव ने कहा कि 5 जुलाई 1997 को लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल की नींव रखी थी। 26 साल के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार की जनमानस में जो अपना विश्वास और भरोसा कायम किया है उसी का नतीजा है कि आज भी देश की सांप्रदायिक तत्वों के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ अपनी लड़ाई जारी रखी है। देश की सांप्रदायिक शक्तियों के द्वारा लगातार पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और अब बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित पूरे लालू परिवार तथा महागठबंधन के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर बिहार के विकास में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### ट्रैक, सिग्नल, पैनल रूम, लोकेशन बॉक्स से लेकर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मालदा डिवीजन के डीआरएम ने किया निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश




**भागलपुर/**भागलपुर,मालदा डिवीजन के डीआरएम विकास चौबे ने आज कई स्टेशनों का निरीक्षण किया साथ ही श्रावणी मेला को लेकर भी उन्होंने विशेष पहल की, उन्होंने बताया कि हम लोग सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरीक्षण का काम करते हैं, ट्रैक सिग्नल पैनल रूम लोकेशन बॉक्स गाड़ी चलाने के लिए बिजली के जो प्रावधान होते हैं ड्राइवर को सिग्नल एलिजिबिलिटी मिल रही है या नहीं यात्रियों को मौलिक सुविधाएं मिल रही है या नहीं इन सबों पर विशेष ध्यान रखते हुए आज कई स्टेशन पर निरीक्षण किया गया वही उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन के तहत सबौर कहलगांव जैसे कई स्टेशनों पर चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई, सारी टेंडर फाइनल हैं सभी एजेंसी कार्य भी शुरू कर दिए हैं जहां भी कमी पाई गई है उसमें रेलवे अधिकारियों व कर्मियों को सुधार करने का निर्देश दे दिया गया है। वहीं निरीक्षण के दौरान डीआरम विकास चौबे द्वारा राज ग्रुप शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजनालय में जांच के क्रम में किचन रूम का भी जांच किया,उसी दौरान वहां पैकेट भोजन में दो दिन पूर्व की सब्जी बरामद हुई जो काफी दूषित पाई गई।अब देखना यह है कि डीआरम इसपर क्या कारवाई करते हैं, वहीँ उन्होंने शोचलाय का भी निरकक्षण किया । वही श्रावणी मेला में कांवरियों को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी सारी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वॉच टावर बनाए गए हैं आरपीएफ की टीम नो लोकेशन पर तैनात किए गए हैं पानी शौचालय पूछताछ कक्ष सीसीटीवी कैमरे स्वास्थ्य व्यवस्था से लेकर गाड़ियों के ठहराव और नई गाड़ियों को देने की बात उन्होंने कही उन्होंने कहा कांवरियों को किसी तरह की परेशानी ना हो उसके लिए पूरी मुकम्मल व्यवस्था रेलवे विभाग ने कर रखी है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।